● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 187, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 17 अगस्त 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



अभी उपराष्ट्रपति आवास में ही है धनखड़ 5

जैकेब तोड़ेंगे 136 साल का रिकार्ड 6

## विरासतों को सहेजने हम हैं प्रतिबद्ध, महलपुर पाठा मंदिर को बनायेंगे भव्यतम : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महलपुर पाठा में श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम में हुए शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विरासत से विकास हमारा मूल मंत्र है। हम अपने तंत्र को भी इसी मंशा के अनुरूप तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी समृद्धशाली संस्कृति और विरासतों को बेहतर तरीके से सहेजकर उन्हें संवारने के हमारे प्रयास हमेशा जारी रहेंगे। महलपुर पाठा के अतिप्राचीन श्रीराधा कृष्ण मंदिर का सभी संभव तरीके से जीर्णोद्धार और परिसर का विकास कर इसे भव्यतम स्वरुप प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर रायसेन जिले के गैरतगंज के महलपुर पाठा स्थित मंदिर परिसर में आयोजित श्री कृष्ण पर्व कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार तेजी से विकास कार्यों के लक्ष्य हासिल करते हुए आगे बढ़ रही है। जल्द ही प्रदेश के दो बड़े शहर इंदौर और भोपाल मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित होंगे। राजधानी भोपाल से सटा जिला रायसेन, सांची और विदिशा भी मेट्रोपोलिटन सिटी का हिस्सा बनेगा। यही नहीं राजगढ़ और नर्मदापुरम भी मेट्रोपोलिटन क्षेत्र में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेट्रोपोलिटन सिटी विकसित होने पर रायसेन क्षेत्र के युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि रायसेन जिले के विकास के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांची विधानसभा क्षेत्र को 136 करोड़ रुपए के कई विकास कार्यों की सौगात भी दी। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर लोक निर्माण विभाग के 15 कार्य सहित जनजातीय ग्रामों तक सड़क निर्माण और अनेक विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं में हितलाभ वितरण किए। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। गौमाता का पूजन कर पशुआहार खिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने 20 साल पहले महलपुर पाठा गांव में एक रात गुजारी थी। रायसेन शहर का अतीत बेहद गौरवशाली रहा है, जिले को प्राकृतिक सौंदर्य का वरदान मिला हुआ है। महलपुर पाठा स्थित भगवान श्रीकृष्ण के इस मंदिर में राधा और रुकमणि एक साथ विराजमान हैं। जो राय सबकी मानी जाए उसे ही रायसेन कहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संतों से ही हमारी संस्कृति फल-फूल रही है। राज्य सरकार ने विरासत को सहेजने के लिए अनेक विकास कार्य शुरू किए हैं। महलपुर पाठा के मंदिर का जीर्णोद्धार कर इसे भव्यतम रूप प्रदान किया जाएगा और आगामी वर्षों में यहां विशाल मेले का आयोजन भी होगा।

## सरकार ने जीएसटी सुधारों को बताया बड़ा बदलाव

### कहा- गेमचेंजर बनेंगे ये सुधार, कांग्रेस पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली।** सरकार ने जीएसटी में सुधार लाने के लिए एक बड़ कदम उठाया है। इसको लेकर सरकारी सूत्रों ने कहा कि नया जीएसटी ढांचा गेमचेंजर साबित होगा और इससे देश में एक समान टैक्स दर लागू होगी। उनका कहना है कि इससे कर प्रणाली सरल होगी और व्यापार को लाभ मिलेगा। वहीं, कांग्रेस के विरोध करने पर सरकार ने निशाना साधते हुए कहा कि जीएसटी सुधारों पर उसका विरोध पूरी तरह उनके %पाखंड% को दर्शाता है, क्योंकि यह पार्टी ही थी जिसने पहले ऐसे बदलाव की मांग उठाई थी।

केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर यानि जीएसटी में बड़े सुधार का संकेत देते हुए इसे अगली पीढ़ी का जीएसटी करार दिया है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित नया ढांचा दो कर स्लैब पर आधारित होगा और



धीरे-धीरे यह मॉडल 2047 तक एकल कर दर (सिंगल टैक्स स्लैब) की ओर बढ़ेगा। मौजूदा चार स्लैब की जगह यह व्यवस्था लाकर कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने की कोशिश की जा रही है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जीएसटी काउंसिल की मंजूरी के बाद यह नया प्रस्ताव लागू किया जा सकता है। मौजूदा पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की चार दरों वाली व्यवस्था को बदलकर केवल पांच और 18 प्रतिशत की दरें रखी जाएंगी। इससे 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाले स्लैब खत्म हो जाएंगे। सरकार का मानना है कि इस बदलाव से न केवल व्यापारियों और उद्योग जगत को राहत मिलेगी बल्कि आम उपभोक्ता के लिए भी कर व्यवस्था आसान होगी। इतना ही नहीं, इससे टैरिफ के खतरों को भी कम करने में मदद करेगी। इस समय देश में जीएसटी की पांच प्रमुख दरें लागू हैं।

0% टैक्स अनिवार्य खाद्य वस्तुओं पर है। 5% की दर रोजमर्रा की जरूरत के सामान पर लगाई जाती है। 12% टैक्स सामान्य उपयोग की वस्तुओं पर, जबकि 18% टैक्स इलेक्ट्रॉनिक्स और अधिकतर सेवाओं पर लागू होता है। वहीं, 28% की दर लग्जरी और हानिकारक वस्तुओं पर लगाई जाती है।

## अब और नहीं, जनता जाग गई है, वोट चोरी मुद्दे पर राहुल का बयान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा है। राहुल गांधी ने लापता वोट लिखकर एक बॉलीवुड फिल्म का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। कांग्रेस ने भी एक वीडियो जारी करते हुए एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइये हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं। राहुल गांधी



की ओर से जारी किए गए वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने में यह कहते हुए दिखाई दे रहा है कि उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। एक मिनट लंबे वीडियो का शीर्षक लापता वोट है। इसे हाल ही में आई एक फिल्म के शीर्षक से लिया गया है।

कांग्रेस ने बुधवार को भी एक वीडियो जारी किया। इसमें दिखाया गया कि कैसे फर्ज़ी वोट डाले जा रहे हैं। वीडियो में एक परिवार को मतदान केंद्र में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है, जिसमें दो व्यक्ति उन्हें बता रहे हैं कि उनके वोट पहले ही डाले जा चुके हैं, और अंत में दोनों व्यक्ति फर्जी वोट डालते हैं, तथा मेज पर बैठे एक अधिकारी को अंगूठा दिखाते हैं, जिसकी मेज पर चुनाव चोरी आयोग की डिस्प्ले प्लेट लगी है।

## सीमा विवाद पर बैठक के लिए भारत आएंगे चीनी विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सीमा विवाद के मुद्दे पर चर्चा के लिए चीनी विदेश मंत्री के भारत दौरे की पुष्टि कर दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य और चीनी विदेश मंत्री वांग यी 18-19 अगस्त 2025 को भारत दौरे पर आएंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी वांग यी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात करेंगे। वांग यी के भारत दौरे पर भारत-चीन सीमा के सवाल पर दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच 24वें दौर की बैठक होगी।

## भाजपा और आरएसएस के बीच कोई मतभेद नहीं : राम माधव

**नई दिल्ली**

भाजपा और आरएसएस के बीच मतभेद की अटकलों के बीच संघ के वरिष्ठ नेता राम माधव ने कहा कि दोनों एक ही वैचारिक परिवार का हिस्सा है। उन्होंने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि दोनों के बीच कोई मतभेद नहीं है। दोनों संगठन राजनीति और समाज सेवा के अपने-अपने क्षेत्रों में काम करते हैं।

आरएसएस नेता ने दोहराया कि दोनों संगठन देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी अटकलें समय-समय पर लगाई जाती हैं। अगर कोई मुद्दा नहीं मिलता है तो संघ



को निशाना बनाया जाता है कि आरएसएस और भाजपा के बीच मनमुटाव है।

माधव का यह बयान ऐसे समय में आया है जब विपक्षी दल ने प्रधानमंत्री मोदी पर स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में आरएसएस की प्रशंसा करने को लेकर निशाना साधा है। कांग्रेस नेताओं ने संगठन के जिक्र को संविधान और तिरंगे का अपमान बताया है।

आरएसएस नेता ने आगे कहा कि संगठन में कांग्रेस सहित सभी प्रकार की विविध राजनीतिक विचारधारा के लोगों का स्वागत है। हालांकि वो राजनीतिक लाभ के लिए संघ की आलोचना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के संबोधन की प्रशंसा की। माधव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संघ की 100वीं वर्षगांठ पर संगठन द्वारा राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। इससे आरएसएस कार्यकर्ताओं में बहुत अच्छा संदेश गया।

## लैंडिंग के दौरान रनवे से टकराया इंडिगो के विमान का पिछला हिस्सा

**नई दिल्ली।** विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) मुंबई हवाई अड्डे पर हुई उस घटना की जांच करेगा, जिसमें इंडिगो का एयरबस ए321 विमान खराब मौसम के दौरान लैंडिंग करते समय एक लो-एल्टिट्यूड गो-अराउंड के दौरान रनवे से टकरा गया। इस घटना पर नजर रखने वाले अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम इस घटना की जांच करेंगे। इसके लिए औपचारिक आदेश जारी किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, यह उड़ान 6ई 1060 थी, जो कि बैंकॉक से मुंबई आ रही थी और ए321 नियो विमान द्वारा संचालित थी।

## मप्र कांग्रेस ने घोषित किए 71 जिला अध्यक्ष

**भोपाल।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को मध्य प्रदेश में 71 जिला और शहर अध्यक्षों के नाम घोषित कर दिए। यह सूची कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जारी की गई है। जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से जारी इस सूची में चार महिला नेताओं और छह विधायकों को भी जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा 18 जिला अध्यक्षों को दोबारा मौका दिया गया है। गुना जिले की कमान जयवर्धन सिंह को दी गई है। वहीं,



कई जिलों में नए चेहरों को अवसर मिला है, जिनमें बालाघाट से संजय उइके, रतलाम ग्रामीण से हर्ष गहलोत और बैतूल से निलय डागा शामिल हैं। वहीं, राजधानी भोपाल में प्रवीण सक्सेना को एक बार फिर शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि इंदौर में चिंटू चौक को नया शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## उपराष्ट्रपति पद के लिए 17 अगस्त को बीजेपी की बैठक

### एनडीए उम्मीदवार के नाम पर होगा फैसला

**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद देशभर में इस बात को लेकर चर्चा तेज है आखिर भारत का अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा? इसके लिए आने वाले नौ सितंबर को चुनाव भी होने है। ऐसे में सूत्रों की माने तो उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) जल्द ही अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर सकता है। इसको लेकर भाजपा की संसदीय बोर्ड की बैठक 17 अगस्त को होने की संभावना है, जिसमें उम्मीदवार के नाम को अंतिम रूप



दिया जाएगा। एनडीए के गठबंधन दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को उप राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है। उप-राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। सूत्रों के अनुसार, एनडीए के उम्मीदवार के नामांकन के दौरान प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे।

बता दें कि संसद का मानसून सत्र 18 अगस्त से फिर शुरू हो रहा है। ऐसे में नामांकन से पहले एनडीए के सांसदों और सहयोगी दलों की बैठक भी हो सकती है। एनडीए के सांसद उम्मीदवार के समर्थन में कई सेट में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। अगर विपक्ष भी अपना उम्मीदवार उतारता है, तो नौ सितंबर को चुनाव होगा। दिलचस्प बात ये है कि एनडीए को लोकसभा और राज्यसभा के कुल सांसदों वाले इलेक्टोरल कॉलेज में स्पष्ट बहुमत हासिल है, ऐसे में उसके उम्मीदवार की जीत तय मानी जा रही है।

## अद्भुत, अलौकिक... जन्माष्टमी पर मथुरा का दिव्य दृश्य

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर उनका आंगन बैकुंठ बन गया। ब्रज का दृश्य देख श्रद्धालु हर्षित हो उठे। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर ठाकुरजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। द्वारिकाधीश मंदिर में भी आस्था की अविरल धारा बहती रही। विश्राम घाट पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने 5252 दीपक जलाए। सजे-धजे यमुना तट पर दीपों की झिलमिल रोशनी यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अहसास करा रही थी। लोग दीपों के बीच जाकर सेल्फी और फोटो ले रहे थे।

भगवान श्रीकृष्ण के 5252वें जन्मोत्सव पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा विश्राम घाट पर 5252 दीपों से दीपदान किया। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण और परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह सहित अधिकारी भी यहां दीपदान करने पहुंचे।

## कहीं भारी बारिश, कहीं गर्मी का सितम

**नई दिल्ली।** देशभर में मौसम का मिजाज इन दिनों बदला हुआ है। कहीं भारी बारिश हो रही है, तो कहीं गर्मी है। मुंबई में तो भारी बारिश से जलभराव के हालात हैं। जबकि केरल, तेलंगाना में भी बारिश हो रही है। उधर, मौसम विभाग ने महाराष्ट्र से लेकर केरल और तेलंगाना में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मुंबई में भारी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। जगह-जगह हुए जलभराव ने लोगों की आफत बढ़ा दी है। सड़कों और ट्रेन की पटरियों पर जलभराव होने से परिवहन सेवा भी प्रभावित हुई। वहीं विक्रोली में भूस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। शनिवार तड़के कुछ हिस्सों में 200 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई।

## दिल्ली के लिए विपदा बनी भाजपा सरकार : सौरभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार हो रही बारिश और उससे पैदा हुए जलभराव ने लोगों की जान जोखिम में डाल दी है। आए दिन कहीं दीवार गिर रही है, तो कहीं पेड़ या बिजली के खंभे गिरने से हादसे हो रहे हैं। इस बात को लेकर अब राष्ट्रीय राजधानी में सियासत तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जोरदार हमला बोला है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में जलभराव और इससे हो रही मौतों के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दिल्लीवालों के लिए विपदा बन चुकी है। वह दूसरों पर दोष मढ कर जलभराव रोकने में अपनी नाकामी को नहीं छिपा सकती। बता दें कि शुक्रवार को बारिश में पानी जमा होने से दरगाह शरीफ पट्टे शाह परिसर में छत गिरने से 6 लोगों की मौत बेहद दुखद है। गुरुवार को भी बारिश के चलते पेड़ गिरने से बाइक सवार और डीडीए की दीवार गिरने के दो बच्चों की दुखद मौत हो गई थी। सौरभ ने कहा कि पिछले तीन महीनों में दिल्ली में बारिश से जुड़ी घटनाओं में लगभग 30 लोगों की जान जा चुकी है। पेड़, दीवारें, खंभे और अब छतें गिर रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार सिर्फ डीसिल्टिंग के दावे करती रही, लेकिन नतीजा क्या निकला? दिल्ली हर बारिश में पानी-पानी हो रही है।

## अलास्का में ट्रंप-पुतिन की मुलाकात का भारत ने किया स्वागत

### कहा- संवाद से ही बनेगी शांति की राह

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिका और रूस के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहल वैश्विक शांति की दिशा में एक अहम कदम है। जायसवाल ने कहा कि भारत इस वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है और मानता है कि आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है।

रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि मौजूदा समय में पूरी दुनिया की नजर यूक्रेन युद्ध पर है और सभी चाहते हैं कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो। जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत और आपसी समझ ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में हुई शिखर वार्ता ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पहली बार दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात हुई। हालांकि बैठक को 'उपयोगी' बताते हुए भी ट्रंप ने यह साफ किया कि फिलहाल कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने कुछ प्रगति की है, लेकिन अभी हम पूरी मंजिल तक नहीं पहुंचे हैं।

ट्रंप ने बातचीत को 'बहुत सकारात्मक' बताते हुए यह भी कहा कि अगले कदमों पर वे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और नाटो नेताओं से चर्चा करेंगे। वहीं पुतिन ने ट्रंप की 'मित्रतापूर्ण' भाषा और रूस के राष्ट्रीय हितों की समझ की तारीफ की। हालांकि, वार्ता से कोई ठोस घोषणा या लिखित समझौता नहीं निकल पाया।

ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि अभी किसी बड़े समझौते पर मुहर नहीं लगी है। उन्होंने स्वीकार किया कि कई मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं और उन्हें दूर करने के लिए आगे और बातचीत करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमने प्रगति की है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जब तक सब कुछ तय नहीं होता, तब तक कोई डील नहीं मानी जाएगी।

वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि चीन पर रूसी तेल खरीदने को लेकर टैरिफ फिलहाल टाल दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की बातचीत के बाद मुझे फिलहाल इस बारे में सोचना नहीं पड़ रहा है। हालांकि, भारत पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिका ने पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है, जिसमें से 25 प्रतिशत रूसी तेल आयात पर पेनल्टी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि बातचीत 'दोस्ताना माहौल' में हुई। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने रूस के राष्ट्रीय हितों को समझा और सम्मान दिया। हालांकि, ट्रंप ने सार्वजनिक मंच से यूक्रेन में रूस के हमलों में नागरिकों की मौत पर कुछ नहीं कहा, जिस पर कई अंतरराष्ट्रीय हलकों में सवाल खड़े हो रहे हैं।

वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस केवल 15 मिनट चली, जिसमें दोनों नेताओं ने सामान्य कूटनीतिक बातें दोहराईं। किसी ठोस उपलब्धि या लिखित सहमति की घोषणा नहीं हुई। इससे साफ है कि दोनों पक्षों में अभी भी गहरे मतभेद कायम हैं और समझौते का रास्ता लंबा है।

# स्वतंत्रता दिवस पर ऊर्जाधानी में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्यमंत्री राधा सिंह ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी









**सिंगरौली।** देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस सिंगरौली जिले में हर्षोंल्लास से मनाया गया। जिले में आन-बान-शान से तिरंगा लहराया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह राजमाता चूनकुमारी स्टेडिम बैढ़न में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास राधा सिंह ने ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली।

राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में आयोजित समारोह में सशस्त्र बलों ने हर्ष फायर करके राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया। समारोह में विशेष शस्त्र बल जिला पुलिस बल ने बैण्ड की मधुर धुन पर आकर्षक परेड की। समारोह में इसके बाद मुख्य अतिथि ने तीन रंग के मनोहारी गुब्बारों को हर्ष स्वरूप मुक्त गगन में छोड़ा। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर शहीदो के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहारियों का पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत तथा शासन की विकास योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले गीतों और नृत्यों के साथ मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद राज्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह के साथ-साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैलियाँ निकाली गई। समारोह में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन समूह को मनमुग्ध किया। इस दौरान चूनकुमारी स्टेडियम खचाखच भरा रहा। जहां विद्यालयों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति को देखते हुये दर्शकदिर्घा में बैठे लोगों ने नन्हे-मुन्हे छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते दिखाई दिये। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम सेंट जोसेफ विद्यालय ने पहला स्थान प्राप्त किया तथा जब जीरो दिया मेरे भारत ने कि प्रस्तुति देकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियो ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय कन्या परिसर के विद्यार्थियों ने झण्डो भारत माता शान रे देखो आन छे की आकर्षक प्रस्तुति देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। समारोह का समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर श्री शुक्ला की धर्म पत्नी रचना शुक्ला, एसपी मनीष खत्री व उनकी धर्मपत्नी लीना खत्री, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, पूर्व विधायक सुभाष बर्मा, प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष नरेश शाह, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर मइकेल तिर्की, नंदन तिवारी, देवेन्द्र द्विवेदी, डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला सहित जिले के अधिकारी-कर्मचारी, आम जन, पत्रकार साथी विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने देश की आजादी में अपना योगदान देने वाले शहीद वीर सपूतो के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर में हासिल उपलब्धियों के संबंध में अवगत कराते हुये देश एवं प्रदेश के विकास के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, देवेन्द्र द्विवेदी, नंदन तिवारी, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल, उद्यानिकी अधिकारी एचएल निमोरिया, जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### परेड में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को मिला प्रथम स्थान

मुख्य समारोह में परेड कमान्डर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रोशनी कुर्मी एवं परेड टू आईसी सुबेदार अशीष तिवारी के अगुवाई में शानदार परेड निकाली गई। जिसमें परेड सीनियर में उप निरीक्षक नकुल त्यागी के नेतृत्व में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने पहला स्थान प्राप्त किया। सहायक उपनिरीक्षक कालिका कोल के नेतृत्व के आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर विशेष सशस्त्र बल ने दूसरा तथा उप निरीक्षक के शिवम सिंह चौहान के नेतृत्व में जिला पुलिस बल ने तीसरा प्राप्त किया। परेड जूनियर में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न पहला स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान इण्डियन चिल्ड्रेल एकेडमी स्कूल बैढ़न तथा तीसरा स्थान शासकीय अग्रणी महाविद्यालय के दल को प्राप्त हुआ।

### राज्यमंत्री ने बच्चों के साथ किया विशेष मध्यान्ह भोज

सिंगरौली। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सिंगरौली जिले के सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में विशेष मध्यान्ह भोज का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विन्ध्यनगर में आयोजित किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राधा सिंह ने बच्चों के साथ विशेष मध्यान्ह भोजन किया। साथ ही सीधी-सिंगरौली कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य जन प्रतिनिधि अधिकारी एवं संबंधित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रूचिकर मध्यान्ह भोजन किया।

# नाबालिक लड़की का फांसी पर मिला शव, मोरवा थाना क्षेत्र की घटना

**सिंगरौली।** स्वतंत्रता दिवस के दिन जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेमकांता गैस गोदाम के पास रहने वाली 16 वर्षीय संगम भुजवा ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लेकिन मृतक लड़की के परिजनों का कहना है कि लड़की को मारकर फांसी पर लटकाया गया है। पुलिस को दी गई मौखिक रिपोर्ट में मृतका के परिजन ने बताया कि वह कक्षा 9वीं तक पढ़ी थी और बीते छः माह से मोहल्ले का ही एक युवक आकाश भुजया उसे परेशान कर रहा था। लड़की ने साफ कहा था कि वह नाबालिक है और शादी नहीं करेगी। परिजनों के अनुसार 14 अगस्त की रात करीब 11:30 बजे आरोपी युवक उनके घर आया, जिस पर विरोध करने पर हाथापाई भी हुई। अगले दिन सुबह लगभग 6 बजे परिजनों ने देखा कि संगम ने सफेद दुपट्टे से घर के लकड़ी के गोले में फांसी लगा ली थी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने गर्व, प्रदर्शन और देशभक्ति के साथ मनाया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस



**सिंगरौली।** स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रीय गर्व की भावना से आलोकित हुआ अंबेडकर स्टेडियम, जहाँ एनटीपीसी विंध्याचल ने 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक संजीब कुमार साहा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में वरिष्ठ नेतृत्व, गणमान्य अतिथि, सीआईएसएफ कर्मी, विद्यालयों के प्राचार्य, मीडिया प्रतिनिधि तथा टाउनशिप के उत्साही नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री साहा द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ, जिसके बाद सीआईएसएफ और विद्यालयी छात्रों की परेड एवं टुकड़ी निरीक्षण किया गया। अपने उद्बोधन में श्री साहा ने स्टेशन के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने वर्ष 2024-25 में 36,506 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन तथा लगातार तीसरे वर्ष एनटीपीसी की पीईएम प्रदर्शन रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल करने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नवोन्मेषी एवं मानव केंद्रित एचआर पहल तथा सीएसआर योगदानों की भी प्रशंसा की और सीटीएम संयंत्र से प्रथम बूंद मिथेनॉल उत्पादन की उपलब्धि साझा की। कार्यक्रम में सीआईएसएफ के जवानों ने आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारी और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। टाउनशिप के विद्यालयों ने भी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। डीपीएस ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान को थीम बनाकर स्थिरता का संदेश दिया। डी-पॉल स्कूल ने दांडी मार्च की जीवंत झांकी प्रस्तुत की। वहीं एसएसएम के बच्चों ने भारत की विविधता में एकता को रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से दर्शाया। इस अवसर पर उत्कृष्टता और सेवा के लिए कई पुरस्कार भी प्रदान किए गए। साथ ही 6 कर्मचारियों को सीएसआर पहलों के सफल संचालन के लिए 20 सीआईएसएफ जवानों को साहसिक कार्य के लिए और नवतरंग नाम सुझाने के लिए राज भारती को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय वुशु खेल में पदक जीतने पर खुशबू साकेत एवं कोच नम्रता सिंह हुई सम्मानित



**सिंगरौली।** रूस की राजधानी मास्को में विगत माह आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वुशु खेल प्रतियोगिता में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए देश के लिए दो कांस्य पदक जीत खुशबू साकेत ने इतिहास रच दिया। उपरोक्त उपलब्धि पर जिला प्रशासन ने म.प्र. शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी खुशबू साकेत एवं कोच नम्रता सिंह को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बैढ़न मुख्यालय स्थित चूनकुमारी स्टेडियम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक रामनिवास शाह, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री सहित भारी जन समूह की उपस्थिति में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। उपलब्धि पर मार्शल आर्ट एकेडमी सिंगरौली एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने शामावि शाहपुर की छात्राओं को वितरित किया साइकिल



**सिंगरौली।** समुदाय उत्थान और बालिका सशक्तिकरण की दिशा में प्रतिबद्धता दिखाते हुए एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय शाहपुर की 21 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया ।

यह पहल छात्राओं की दैनिक आवागमन सुविधा को आसान बनाने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे बिना किसी बाधा के शिक्षा प्राप्त कर सकें। साइकिल वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व स्टेशन प्रमुख संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक ने किया। इस अवसर पर सुहासिनी संघ की अध्यक्षा चित्रलेखा साहा तथा लेडीज क्लब की वरिष्ठ सदस्याएँ भी मौजूद रहीं और बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल की समग्र सीएसआर नीति का प्रतीक है, जो शिक्षा, समावेशन और सतत विकास के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# तीन वाहनों से 76 हजार आरटीओ ने किया जुर्माना

**सिंगरौली।** आरटीओ विक्रम सिंह राठौर के निर्देश पर विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के द्वारा पिछले दिनों निगाही में चेकिंग के दौरान 30 वाहनों को पकड़ा गया था। जो बिना दस्तावेज के चल रहे थे। जिन्हें नवानगर थाने में जप्त कराया गया था। वही तीन वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुये 76 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया था।

# जन्माष्टमी के अवसर पर दुधमनिया स्थित प्रणामी मंदिर में भक्तों का लगा ताँता

## हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, कलेक्टर व एसपी भी रहे मौजूद

**सिंगरौली।** जिले के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सत्संग नगर दुधमनिया में आज दिन शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में हजारों भक्तों के साथ प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री राधा सिंह ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। जिले का यह इकलौता कृष्ण प्रणामी मंदिर है जहां जन्माष्टमी के उपलक्ष में भारी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। वहीं आज सिंगरौली समेत अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त इस मंदिर में पहुंच पूजा अर्चना करते हैं। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में पूरा दिन मंदिर परिसर में हजारों भक्तों का तांता लगा रहा। कुछ वर्षों से इस मंदिर में लगातार भक्तों की भीड़ बढ़ने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर चाक चौबंद व्यवस्थाएं की जा रही है। बताया जाता है कि बरगवां थाना समेत जिले के कई थानों की फोर्स भीड़ को नियंत्रित करने एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए लगाई जाती है। आज दिन शनिवार को सिंगरौली कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री के साथ-साथ जिपं सीईओ, एएसपी, चितरंगी एसडीएम, एसडीओपी मोरवा ने मंदिर परिसर में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# सासन पावर लिमिटेड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79 वा स्वतंत्रता दिवस

**सिंगरौली।** 79 वें स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर सासन पावर लिमिटेड के आवासीय टाउनशिप, पावर प्लांट, कोल माइंस पुनर्वास कॉलोनी सूर्य विहार, कृष्ण विहार में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया । सर्व प्रथम परियोजना के तियरा टाउनशिप में सासन पावर लिमिटेड के सीईओ सचिन मोहापात्रा, स्टेशन डायरेक्टर सुब्रतो घोष एवं प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्यों अनिल कुमार गुप्ता, अरनव भौमिक, वीएन मूर्ति, जितेन्द्र प्रसाद, ललित गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव, निशांत गुप्ता, प्रवीण सिंह की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया । परियोजना के सुरक्षा विभाग के रवि मिश्रा, प्रमेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सिक्योरिटी विभाग द्वारा राष्टीय ध्वज को गार्ड आफ आनर दिया गया। मार्चपास्ट, अग्निशमन, सुरक्षा ड्रील तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए । अपने उद्बोधन में मोहापात्रा तथा सुब्रतो घोष ने उपस्थित जन समूह को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाये दी । परियोजना द्वारा देश के विकास में दिए जा रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से देश के विकास में दिए जा रहे सहयोग के लिए सबको धन्यवाद दिया । इस अवसर पर अग्निशमन सुरक्षा दल तथा अन्य विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो द्वारा सम्मानित भी किया गया ।

सूर्य विहार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाइनेंस हेड करूणेश मिश्रा थे । अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय के द्वारा विगत वर्षो में किये गये शैक्षणिक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों को बधाई दी और आने वाले वर्षो में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये प्रोत्साहित किया । तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य मृत्युंजय कुमार तिवारी तथा मुख्य अतिथि द्वारा अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उनके अभिभावकों के समक्ष नकद पुरस्कार दिये गये। डीएव्ही पब्लिक स्कूल कृष्ण विहार में भी 79 वें स्वतंत्रता दिवस को धूम-धाम से मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माइंस एजेंट ऋषि श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया । तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा मार्चपास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा देशभक्ति के भावपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये । विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार तथा मुख्य अतिथि द्वारा अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उनके अभिभावकों के समक्ष नकद पुरस्कार दिये गये ।

# हिंडालको महान में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**सिंगरौली।** हिंडालको महान में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इकाई प्रमुख एस सेन्थिलनाथ ने ध्वजारोहण कर कर्मियों एवं हितग्राहियों को शुभकामनाएं दीं और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन हमें शहीदों की कुर्बानियों की याद दिलाता है और उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प दिलाता है।

उन्होंने बताया कि बीते वर्ष महान ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियाँ दर्ज कीं, जिनमें पॉटलाइन को 377 केए एम्परेज पर संचालित कर देश का सर्वोच्च स्तर हासिल करना, 6300 एमटी पी0202 ग्रेड शुद्ध एल्युमिनियम का उत्पादन तथा 372,274 एमटी हॉट मेटल और 57,767 एमटी प्योर मेटल का रिकॉर्ड उत्पादन शामिल है।

# वीरों के बलिदान और त्याग से मिली है आजादी, हर व्यक्ति को इसका मोल समझना चाहिए : महापौर

### नगर निगम कार्यालय में महापौर ने किया ध्वाजा रोहण




**सिंगरौली।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम कार्यालय परिसर में महापौर रानी अग्रवाल ने निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, ननि प्रभारी आयुक्त आरपी बैस सहित पार्षदों और अधिकारी- कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर नगर वासियों, अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महापौर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सबको देश और समाज के प्रति कर्तव्यों तथा संविधान के प्रति निष्ठा की याद दिलाता है। महापौर ने कहा कि कि वीरों के बलिदान और त्याग से हमें आजादी मिली है। हर व्यक्ति को इसका मोल समझना चाहिए। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्यों पर भी ध्यान देना चाहिए तथा बिना किसी भेदभाव के शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चलना चाहिए। नगर निगम अध्यक्ष ने नगरवासियों तथा निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आज का दिन देश की आजादी के लिये कुर्बानी देने वाले शहीदों को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय-अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशील होकर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें तथा शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों को हर जरूरतमंद तक पहुंचायें। जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना एक पल गवाये राष्ट्र सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को महापौर व ननि अध्यक्ष द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेयर इंन काउसिल की सदस्य श्यामला देवी, खुर्शीद आलम, रामनरेश शाह, संतोष शाह, अनिल बैस, नगर निगम के सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, दिनेश तिवारी, प्रवीण गोस्वामी, डीके सिंह, एसएन द्विवेदी, प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार संतोष तिवारी, उपयंत्री विपिन तिवारी, अनुज सिंह, राकेश शर्मा सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ परम्परागत एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## जिलास्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

**सीधी।** देश की आजादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व पर पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। सीधी जिला मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर पूरे उत्साह और गरिमामय ढंग के साथ सम्पन्न हुआ जहां समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान राष्ट्रगान का गायन हुआ। तत्पश्चात् प्रभारी मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया, इस दौरान कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा भी उनके साथ रहे। मुख्य अतिथि द्वारा समृद्धि के प्रतीक रंगीन गुब्बारे नील गगन में छोड़ने के पश्चात परेड द्वारा तीन बार हर्ष फायर किया गया।

उप पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत कुमार कड़वे के कमाण्ड में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। परेड के उप कमाण्डर प्लाटून कमांडर श्री मयंक तिवारी होम गार्ड रहे। इसमें उपनिरीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में 9वीं वाहिनी विसबल ए कंपनी सीधी, उप निरीक्षक श्री तरुण बेड़िया के नेतृत्व में जिला पुलिस बल सीधी, उपनिरीक्षक वर्षा यादव के नेतृत्व में जिला पुलिस बल महिला, सहायक उपनिरीक्षक जयगोपाल साकेत के नेतृत्व में होमगार्ड जिला बल सीधी, श्री प्रभात प्रजापति के नेतृत्व में सीनियर एनसीसी संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी, श्री अमितेन्द्र अग्निहोत्री के नेतृत्व में एनसीसी उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी, श्री उधव प्रताप सिंह के नेतृत्व में जूनियर एनसीसी गणेश सीनियर सेकेंड्री स्कूल पड़रा सीधी, श्री वेद सिंह चौहान के नेतृत्व में सरस्वती उमावि मड़रिया सीधी, सुश्री दिया अवधिया के नेतृत्व में सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी, सुश्री पूजा कोरी के नेतृत्व में पीएमश्री शासकीय आदर्श कन्या हा स्कूल सीधी, श्री शुभम सिंह चौहान के नेतृत्व में एकलव्य



पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल हड़बड़ो, श्री अभिमन्यु प्रजापति के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 सीधी, श्री प्रियांशु कोरी के नेतृत्व में महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल सीधी, श्री अर्जुन सिंह चौहान के नेतृत्व में गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल मड़रिया सीधी, कु मधु कोल के नेतृत्व में महिला बाल विकास शौर्य दल तथा जिला पुलिस बल सीधी के बैण्ड दल द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डर एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय प्राप्त किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, वीर शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस वर्ष नवाचार करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सजीव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने बड़े उत्साह के साथ सुना। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री द्वारा जिले की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए मुख्यमंत्री के बधाई संदेश का वाचन कर लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुरूकुल विद्यालय मड़रिया सीधी, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक 1 सीधी, सांदीपनि विद्यालय सीधी एवं एकलव्य पब्लिक स्कूल सीधी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी गई। अंत में गांधी विद्यालय द्वारा बैण्ड दल का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान उनके साथ विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह की श्रृंखला में सर्वोत्तम परेड सीनियर का पुरस्कार महिला जिला पुलिस बल सीधी को दिया गया। सर्वोत्तम परेड परेड सीनियर का द्वितीय पुरस्कार सीनियर एन.सी.सी. संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी एवं तृतीय पुरस्कार होमगार्ड जिला बल सीधी को दिया गया। सर्वोत्तम परेड जूनियर का पुरस्कार जूनियर एन.सी.सी. शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी को दिया गया। परेड जूनियर का द्वितीय पुरस्कार जूनियर एन.सी.सी. श्री गणेश सी.से. स्कूल पड़रा सीधी एवं तृतीय पुरस्कार सरस्वती उ.मा.वि. मड़रिया सीधी को दिया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रथम पुरस्कार एकलव्य पब्लिक स्कूल सीधी को दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का द्वितीय पुरस्कार शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक-1 सीधी एवं तृतीय पुरस्कार गुरूकुल विद्यालय मड़रिया सीधी को दिया गया।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई



**सीधी**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम अत्यंत धूपधाम से मनाया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सर्वप्रथम छात्रा द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात एक छात्र द्वारा उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में स्रोत वक्ता के रूप में डॉ. दिलीप कुमार सोनी विभाग अध्यक्ष समाजशास्त्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें श्री कृष्ण के जीवन से सीख लेनी चाहिए। अलग-अलग परिस्थितियों में हमें किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए यह श्री कृष्ण से हमें सीखने को मिलता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. वरुण कुमार सिंह प्रभारी प्राचार्य ने श्रीमद् भागवत गीता के अनुसार निराकार की आराधना की बात की। कार्यक्रम में आभार प्रो. उमाकांत साहू द्वारा एक सुंदर गीत प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम के संयोजक रूप से प्रो. विनोद साकेत द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया ।कार्यक्रम में प्रो. पुष्पेंद्र शाह, डॉ. राजकुमार सोटिया, डॉ. राम सुरेश भारती, डॉ. बृजेश सिंह,प्रो. रितु साहू सहित कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं सम्मिलित होकर लाभान्वित हुए।

# वित्तीय सुविधाएं एवं जागरूकता के उद्देश्य से सक्षम केंद्र का शुभारंभ

**सीधी।** राज्य कार्यालय ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में आजीविका सक्षम केंद्र (वित्तीय साक्षरता) का शुभारंभ एकता संकुल स्तरीय संगठन बरिगवा विकासखंड सीधी में दिव्यांग समूह सदस्य द्वारा जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त श्री अजय सिंह एवं विकासखंड प्रबंधक श्री अशोक पांडेय की उपस्थित में किया गया।




सक्षम केंद्र का उद्देश्य स्व सहायता समूह सदस्यों एवं ग्रामीण जनों तक वित्तीय जागरूकता एवं आम जन तक वित्तीय सुविधाएं एवं सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। सक्षम केंद्र में संबंधित बैंक सखी एवं बीसी सखी द्वारा समस्त समूह सदस्यों को बीमा योजनाओं बचत खाते एवं नगद रहित लेनदेन के अलावा ऑनलाइन धोखाधड़ी से संबंधित जागरूकता और सुरक्षा के बारे में समझाइश प्रदान की जाएगी।

# जिले में औसत वर्षा 988.8 मि.मी. दर्ज

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 16 अगस्त को सीधी जिले में 0.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 0.1 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 988.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 16 अगस्त तक तहसील मझौली में सर्वाधिक वर्षा 1112.0 मि.मी. दर्ज की गई है।

# कन्या महाविद्यालय में जोश और उत्साह से मनाया गया देश की आजादी का पर्व

**सीधी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश नामदेव, डॉ देवेन्द्र कुमार सोनी, डॉ नागेन्द्र सिंह, डॉ राजेश साहू, डॉ प्रतिमा कौल, डॉ दीप्ती सिंह महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक अधिकारी, कर्मचारियों एवं छात्राओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। ध्वजारोहण महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया। ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान गायन हुआ। ऐ मेरे वतन के लोगो जरा आंख में भर लो पानी, जो शहीद हुए हैं उनकी ज़रा याद करो



कुर्बानी, जैसे देशभक्ति पूर्ण गीतों के माध्यम से अमर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज हमारी युवा पीढ़ी ज़रा सी बात से गुमराह जल्दी हो जाती है। हमें सचेत रहकर , सोच समझकर अपनी मंजिल तय करनी है। डॉ राजेश कुमार साहू ने कहा कि विदेशियों ने 200 वर्ष तक हमारे देश पर शासन किया। देश के अमर बलिदानियों ने अपना बलिदान देकर इस देश को आजाद कराया। इस आजादी की हिफाज़त हम सब की जिम्मेदारी है। हिन्दी के विभागाध्यक्ष डॉ नागेन्द्र सिंह ने ऐतिहासिक घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मुट्ठी भर लोगों ने सम्पूर्ण आर्यावर्त में आधिपत्य स्थापित किया। फूट डालो और शासन करो और विलय नीति के माध्यम से हमें जातियों, वर्गों, समुदाय और सम्प्रदाय में बांटकर कमजोर करने की कलुषित नीति का अंत आज के दिन ही 79 वर्ष पहले हुआ था। अनेकता में एकता वाली इस भारत भूमि को समन्वय भावना की डोर से बांधे रखना है। कितनी ही विषम परिस्थिति आए हमें मिल कर उन परिस्थितियों का सामना करना है।

# द्वय राज्य मंत्रियो ने डैनिहा में पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

**सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल एवं लखन पटेल राज्य मंत्री स्वातंत्र प्रभार म.प्र.शासन पशु पालन एवम डेयरी विभाग शुक्रवार की दोपहर डैनिहा में पूर्व नपा सीएमओ मुकुटधारी सिंह वरिष्ट समाजसेवी के निवास पर पहुॅचे जहॉ पौध रोंपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दियें। अभय सिंह युवा समाजसेवी ने बताया कि सीधी जिले सहित प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है, इसके लिये अलग अलग स्तर पर कई सराहनीय कार्य जमीनी स्तर पर मूर्त रूप दिये जा रहे हैं।

श्री सिंह ने आगे बताया कि द्वय मंत्रियों के द्वारा पौध रोपण कर कहा गया कि पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौधे ना हो तो हम सब सांस नहीं ले सकते हैं इसलिए जीवन के लिए हम सब को संकल्प लेना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाते रहना चाहिए। अपने जन्मदिन एवं अन्य शुभ अवसर पर अधिक से अधिक पौधे जरूर लगाएं।

# गुलाब सागर संकुल स्तरीय संगठन छुही में सक्षम केंद्र की स्थापना

**सीधी।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निर्देशानुसार श्री पुष्पेंद्र सिंह जिला परियोजना प्रबंधक के मार्गदर्शन में गुलाब सागर संकुल स्तरीय संगठन छुही में सक्षम केंद्र की स्थापना जनपद सदस्य रानू सिंह एवं सुनीता विश्वकर्मा संकुल संगठन के अध्यक्ष की उपस्थिति में किया गया। सक्षम केंद्र के माध्यम से आयुष्मान योजना बीमा संबंधी योजना राशि का लेनदेन एवं समस्त प्रकार की बैंक संबंधी जानकारी एक ही मंच के माध्यम से प्रदान की जाएगी। गुलाब सागर संकुल स्तरीय संगठन



में लोग आकर बैंक संबंधी लेन-देन भी करेंगे एवं बैंक से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उसका आदान-प्रदान करेंगे।

ऑनलाइन से संबंधित काम, जो शासन की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं में काम आते हैं, वह सभी काम सक्षम केंद्र से होंगे। ई-केवाईसी का काम भी सक्षम केंद्र के माध्यम से संचालित किया जाएगा। सक्षम केंद्र का संचालन सूर्यवती कुशवाहा भारती एवं कल्पना पनिका के द्वारा यह सुविधा संकुल स्तरीय संगठन कार्यालय छूही विकासखंड मझौली में उपलब्ध होंगे। उक्त कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन विकासखंड प्रबंधक चंद्रकांत सिंह एवं सहायक विकासखंड प्रबंधक अरुण गौतम के द्वारा कराया गया। शुभारंभ अवसर पर स्व सहायता समूह के सदस्य एवं संकुल स्तरीय संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी
Website - www.mppwd.gov.in/pwdmp, email - eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 11/2025-26 सीधी, दिनांक 13.08.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र - 'अ' मे निविदाकारो, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग मे उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है :-

| पूप क्र. | टेंडर आईडी | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB_444138 | उपसंभाग सीधी के उपखण्ड मुख्या. सीधी प्रथम अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 9.91 | 1. 19820 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 2 | 2025_PWDRB_444140 | उपसंभाग सीधी के उपखण्ड मुख्या. सीधी प्रथम अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों एफ.टाईप से ऊपर का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 13.59 | 1. 27180 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 3 | 2025_PWDRB_444141 | उपसंभाग सीधी के उपखण्ड मुख्या. सीधी द्वितीय अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 15.28 | 1. 30560 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 4 | 2025_PWDRB_444142 | उपसंभाग सीधी के उपखण्ड मुख्या. सीधी द्वितीय अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 17.39 | 1. 34780 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 5 | 2025_PWDRB_444143 | उपसंभाग सीधी के उपखण्ड सिहावल एवं कुबरी अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 8.08 | 1. 16160 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 6 | 2025_PWDRB_444144 | उपसंभाग चुरहट के उपखण्ड रामपुर नैकिन अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 15.20 | 1. 30400 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 7 | 2025_PWDRB_444145 | उपसंभाग चुरहट के उपखण्ड रामपुर नैकिन अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 7.73 | 1. 15460 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 8 | 2025_PWDRB_444146 | उपसंभाग चुरहट के उपखण्ड चुरहट अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 15.17 | 1. 30340 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 9 | 2025_PWDRB_444147 | उपसंभाग चुरहट के उपखण्ड चुरहट अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 7.34 | 1. 14680 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 10 | 2025_PWDRB_444148 | उपसंभाग चुरहट के उपखण्ड पटपरा अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 7.69 | 1. 15380 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 11 | 2025_PWDRB_444149 | उपसंभाग चुरहट के उपखण्ड अमिलिया अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 8.08 | 1. 16160 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| | | योग :- | 125.46 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 18.08.2025 सुबह 10.30 से 04.09.2025 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा-अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित संशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

(एम.के. परते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि., संभाग सीधी (म.प्र.)

जी-17309/25

# विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस का कार्यक्रम त्रिवेणी पैलेस में आयोजित

**सीधी।** विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस कार्यक्रम त्रिवेणी पैलेस आयोजित सर्वप्रथम भगवान राम दरबार के समक्ष्य दीप प्रज्वलित स्वस्तिवाचन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया कार्यक्रम की राजेन्द्र सोनी के अध्यक्षता एवं पुजेरी लाल मिश्र व शैलेन्द्र सिंह के विशेष उपस्थित में आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता गणेश सिंह जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति अनादि काल से विश्व बंधुत्व की भावना को लेकर सर्वे भवंतु सुखिन: की उद्धार विचारधारा को जन-जन में प्रतिष्ठित करने का कार्य करते रही है, इसी कारण प्राचीन काल से ही भारत के प्रति विश्व समुदाय का आदर और श्रद्धा का भाव रहा है। हिंदू समाज समरस एवं समृद्ध था अपितु मुस्लिम आक्रांताओं के आगमन के बाद हिंदू समाज की एकता व अखंडता को तार-तार कर उसे जातिवादी, क्षेत्रवादी, भाषावादी व मत-पंथ-संप्रदाय वादी विभेदों में बांट कर पहले मुगलों (मुस्लिमों) ने और फिर अंग्रेजों ( ईसाइयों ) ने भारत पर शासन



किया। विपत्ति चाहे अनगिनत आईं, किंतु यहां के हिंदू समाज में न तो ज्ञान की, न वीरता व पौरुष की, न धैर्य की और न धर्म की कभी न्यूनता हुई। हिंदू समाज ने विधर्मियों के विरुद्ध क्षमता से भी अधिक प्रतिकार व वीरता का परिचय दिया, फिर भी आक्रांताओं के दमन से अपने आपको नहीं बचा पाए एवं सैकड़ों वर्ष तक पराधीनता का दंश झेलते रहे। मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष गणेश सिंह ने कहा कि 29 अगस्त,1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पवई, मुंबई स्थित स्वामी चिनमयानन्द जी के आश्रम में एक बैठक बुलाई गई। बैठक में पूज्य स्वामी चिनमयानन्द, राष्ट्रसंत तुकडो जी महाराज, सिख सम्प्रदाय से मास्टर तारा सिंह, जैन संप्रदाय से पूज्य सुशील मुनि, गीता प्रेस गोरखपुर से हनुमान प्रसाद पोद्दार, के एम मुंशी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक के द्वितीय सरसंघचालक माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर श्री गुरुजी सहित 40-45 अन्य विशिष्टजन एवं साधु-संत गण उपस्थित थे। महापुरुषों के सानिध्य में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई । विश्व हिंदू परिषद की स्थापना का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित और जागृत करने, उसके स्वत्वों, मानबिंदुओं तथा जीवन मूल्यों की रक्षा व संवर्धन करने तथा विदेशस्थ हिंदुओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें सांस्कृतिक रूप से सुदृढ़ बनाने व उनकी सहायता करना था। आज विहिप सेवा कार्य में भी जुटी है। लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है।1966 के सम्मेलन में मतांतरण रोकने का लिया था विश्व हिंदू परिषद का प्रथम सम्मेलन 22 से 24 जनवरी 1966 को कुंभ के अवसर पर प्रयागराज में आयोजित किया गया, जिसमें 12 देशों के 25 हज़ार प्रतिनिधियों के साथ, 300 प्रमुख संतों की सहभागिता रही। पहली बार प्रमुख शंकराचार्य भी एक साथ आए और मतांतरण पर रोक तथा परावर्तन (घर-वापसी) का संकल्प लिया गया। मैसूर के महाराज चामराज वाडियार को अध्यक्ष व दादासाहब आप्टे को पहले महामंत्री के रूप में घोषित कर विहिप की प्रबंध समिति की घोषणा भी हुई। इस सम्मेलन में जहां परावर्तन को मान्यता देने का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित हुआ वहीं विहिप के बोधवाक्य धर्मो रक्षति रक्षित: और बोध चिह्न अक्षय वटवृक्ष तय हुआ। समरस समाज के निर्माण के लिए विहिप ने हिंदू समाज में व्याप्त अस्पृश्यता समाज के सामने एक बड़ी चुनौती थी। इस चुनौती को स्वीकारते हुए एक समरस समाज के पुन: निर्माण हेतु विहिप ने अपनी व्यापक कार्ययोजना बनाई। इस दुर्गम लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु संगठन ने अपने 59 वर्षों की तपश्चर्या में अनेक कार्य किए, जो तत्कालीन परिस्थियों में बेहद दुरूह कहे जा सकते थे, किंतु उनकी सफलता ने आज हिंदू समाज की दशा व दिशा दोनों को बदलने में अभूतपूर्व योगदान किया है।13-14 दिसंबर, 1969 के उडुपी (कर्नाटक )धर्म संसद में संघ के तत्कालीन सरसंघचालक श्री गुरुजी के विशेष प्रयासों के परिणाम स्वरूप, भारत के प्रमुख संतों ने एकस्वर से हिन्दव: सोदरा सर्वे, न हिन्दू: पतितो भवेत् के उद्घोष के साथ सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया। सभी ने मम दीक्षा हिंदू रक्षा, मम मंत्र समानता का संकल्प लिया।व्यापक जनजागरण के कार्यक्रम होने लगे। हिंदू समाज को एकाकार करने वाली 1983 में हुई एकात्मता यात्रा में तो देश के हजारों गांवों में संपर्क हुए। इस यात्रा में 6 करोड़ लोग सहभागी हुए।

## संपादकीय

### मुनीर के इरादों को गंभीरता से लें

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जिस तरह खुलेआम परमाणु युद्ध की धमकी दी है, उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इससे भारत की यह चिंता पुष्ट होती है कि पाकिस्तान के पास एटॉमिक पावर होना पूरी दुनिया के लिए खतरा है। उस पर निगरानी बढ़ाए जाने की जरूरत है। मुनीर इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। पहली बार किसी ने अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के लिए इस तरह धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह भी पहली बार है, जब किसी सेना प्रमुख ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह परमाणु हथियार भी इस्तेमाल कर सकता है। मुनीर की बातें जितनी गैरजिम्मेदार हैं, उतनी ही चिंता बढ़ाने वाली भी। पाकिस्तान के सिस्टम में सेना क्या भूमिका रखती है, यह सभी को मालूम है। भले वहां चुनी हुई सरकार हो, लेकिन फैसले सेना प्रमुख के होते हैं। ऐसे में मुनीर के बयान को पाकिस्तान की पॉलिसी की तरह देखा जाना चाहिए। भारत ने 'नो फर्स्ट यूज' की नीति अपना रखी है यानी वह परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। साथ ही किसी गैर परमाणु शक्ति देश के खिलाफ भी एटमी पावर नहीं दिखाई जाएगी। लेकिन, पाकिस्तान ऐसी किसी नीति से नहीं बंधा और यही फिक्र की बात है। मुनीर का अंदाज कि 'हम अपने साथ आधी दुनिया को ले डूबेंगे', पाकिस्तान के असुरक्षित एटामिककमांड का नमूना है। मुनीर का बयान उकसाने वाला और शांति की कोशिशों के खिलाफ है। यह विडंबना है कि उन्होंने इन बातों के लिए उस जगह को चुना, जिसके राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप आधा दर्जन युद्ध रुकवाने का दावा कर रहे हैं और जिनके लिए शांति का नोबेल मांगने वालों में पाकिस्तान भी है। यह आम बात नहीं हो सकती कि मुनीर दो महीने के भीतर दूसरी बार अमेरिका की यात्रा पर हैं। इन दो महीनों के दौरान दो देशों के रिश्तों में काफी बदलाव आया है। ट्रंप को अब इस्लामाबाद के रूप में एक प्रमुख क्षेत्रीय सहयोगी दिख रहा है। मुनीर के बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने बिल्कुल सही जवाब दिया है कि जिस देश में सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिली हो, वहां परमाणु कमांड और कंट्रोल की विश्वसनीयता पर संदेह होना स्वाभाविक है। एमईए ने यह भी कहा कि भारत किसी न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी सरकार का यही रुख था। मुनीर के बयान का इस्तेमाल भारत को पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने और उसके परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए करना चाहिए।

**मिहिर कुमार के अनुसार, सिर्फ नौ साल की ही अवधि में यह पोर्टल देश का सबसे भरोसेमंद डिजिटल खरीद मंच बन गया है। पिछले कुछ वर्षों में इस पोर्टल पर महिला उद्यमियों, स्टार्टअप्स, मध्यम और लघु उद्योग, शिल्पकारों, स्थानीय कारीगरों और दिव्यांगजनों समेत पूरे देश के विक्रेताओं और सेवाप्रदाताओं के सशक्तीकरण में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इस पोर्टल या ऑनलाइन बाजार पर विक्रेताओं के लिए जमानती राशि रखने का प्रावधान है। लेकिन अब इस प्रावधान को खत्म कर दिया गया है। मिहिर कुमार के अनुसार, इसकी वजह से विशेषकर छोटे निर्माताओं और कारोबारियों को ज्यादा फायदा होना है। सार्वजनिक और सरकारी खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं।**

# क्या भारत के लिए खतरा बन सकती है ट्रंप-मुनीर की नई जोड़ी?

(मृत्युंजय दीक्षित)

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद जब जनरल मुनीर ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बिरयानी का स्वाद चखा और फिर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति का नाम नामित किया, भारत तभी से इस मित्रता से प्रति सतर्क हो गया है।

ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है। विगत दिनों भारतीय वायुसेना प्रमुख का वक्तव्य आया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। थलसेना प्रमुख ने भी जल्द एक युद्ध होने और आगामी युद्ध दो देशों के बीच नही अपितु कई मोर्चों पर होगा कहकर हड़कंप मचा दिया है। कर्नाटक की रैली में कांग्रेस नेताओं के समक्ष ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख कर दिया जिससे पाकिस्तान का तिलमिला जाना स्वाभाविक ही है।

उधर आजकल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर से प्यार हो गया है और वह दो बार वाशिंगटन यात्रा कर आया है इससे जनरल मुनीर का दिलो दिमाग खराब होना तय है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद जब जनरल मुनीर ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बिरयानी का स्वाद चखा और फिर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति का नाम नामित किया, भारत तभी से इस मित्रता से प्रति सतर्क हो गया है।

जून 2025 के बाद असीम मुनीर दो महीने में दूसरी बार अमेरिका की यात्रा कर आए हैं। मुनीर ने अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल कुरिला के विदाई समारोह में भाग लिया और नये कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर को बधाई दी। इसमें महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि अमेरिका की ओर से जो बयान दिए जा रहे हैं उसमें वह पाकिस्तान को ही आतंकवाद से पीड़ित राष्ट्र मान रहा है वह भी तब अमेरिका का सबसे बड़ा गुनाहगार पाकिस्तान में ही पाया गया था और आज भी वहां पर 126 प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के नेता खुलेआम घूम रहे हैं। अमेरिका ने जिस तरह बलूचिस्तान में स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे संगठनों को आतंकी संगठन घोषित करते हुए उन्हें प्रतिबंधित किया है, उससे मुनीर की बांछें खिलना तय है।

अमेरिका में हो रही पाकिस्तानी हितों की सुरक्षा से उत्साहित पाक सेना प्रमुख ने अमेरिकी धरती से भारत पर परमाणु हमला करने की धमकी दे डाली और उसके बाद अन्य पाक नेताओ के भी वैसे ही बयां आने लगे आने लग गये। इन नेताओं में पूर्व विदेशमंत्री बिलावल भुट्टो व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी हैं। भारत-अमेरिका संबंधों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि अमेरिकी धरती से भारत को परमाणु धमकी मिली है। रक्षा विश्लेषक अनुमान लगा रहे हैं कि मुनीर को यह ताकत अमेरिकी नीतियों के कारण ही मिल रही है। इसके पीछे एक बात यह भी हो सकती है कि अमेरिका भारत पर लगातार टैरिफ पर टैरिफ लगाने की धमकियां दे रहा है किंतु भारत पर अमेरिकी धमकियों का कोई असर नहीं पड़ रहा है। भारत किसी दबाव के आगे बिना झुके अपने विकास के संकल्पों के साथ लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार यह बयान दे रहे हैं कि उनकी



वजह से ही भारत-पाकिस्तान के मध्य संघर्ष विराम हुआ किंतु भारत उनकी इस थ्योरी को बार- बार खारिज कर रहा है कि भारत -पाक के मध्य संघर्ष विराम अमेरिका की मध्यस्थता के कारण हुआ। यही बात अमेरिकी राष्ट्रपति को बुरी लग रही है और वे पाकिस्तान से गलबहियां करते दिख रहे हैं।

मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत पर परमाणु हमले की धमकी दी और भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला। मुनीर की बातो में परमाणु शक्ति संपन्न होने का अहंकार स्पष्ट दिख रहा है। उसने कहा कि जब हमें लगा कि हम डूब रहे हैं तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे। इसमे सबसे बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि एक तरफ अमेरिका और इजरायल ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देने के लिए उस पर हमला कर रहे हैं और ईरान को तबाह करने के लिए तैयार हैं दूसरी तरफ पाकिस्तान उसकी धरती पर ही आधी दुनिया को मिटाने की बात कह रहा है। मुनीर के बयान ने दक्षिण एशिया और वैश्विक मंच पर तनाव बढ़ा दिया है। मुनीर सिंधु जल संधि को लेकर भी धमकी दे रहा है कि अगर भारत बांध बनाएगा उसे पाकिस्तान 10 मिसाइलों से नष्ट कर देगा। मुनीर को ऐसा क्यों लगता है कि भारत के पास मिसाइलें हैं ही नहीं या पाक से मिसाइलें आने पर भारत हाथ पर हाथ धर के बैठा रहेगा ?

भारत के लिए परमाणु धमकी का अब कोई मतलब नहीं रह गया है और भारत कई बार स्पष्ट कर चुका है कि परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलने वाली है। भारत स्वयं एक जिम्मेदार और परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है। पाकिस्तान को यह भी समझना होगा कि उनके परमाणु हथियार तो भारत पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए जाएंगे किन्तु जब भारत पलटवार करेगा तब पाकिस्तान का एक कोना भी नहीं बचेगा।

पाक सेना प्रमुख जनरल मुनीर के बयान के बाद अमेरिका से ही उसके खिलाफ कड़ी आवाज उठने लगी है। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रूबिन ने पाक सेना प्रमुख मुनीर की ओर से अमेरिकी धरती से दी गई धमकी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि फील्ड मार्शल असीम मुनीर सेना की वर्दी में आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का व्यवहार पूरी तरह से अस्वीकार्य है। रूबिन ने अमेरिकी प्रशासन को सुझाव दिया है कि जनरल मुनीर को अवांछित व्यक्ति घोषित कर उनके अमेरिका वीजा पर तुरंत प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

अमेरिका के प्रश्रय में पाकिस्तान एक दुष्ट देश की तरह व्यवहार कर रहा है। पाकिस्तान एक तरफ आतंकवाद से लड़ने का दावा कर रहा है वहीं दूसरी तरफ वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नामित आतंकी समूहों को समर्थन व संरक्षण दे रहा है। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई ने ही तालिबान और अलकायदा को पैदा किया। पाकिस्तान की सेना ने शीततयुद्ध के दौर में ही अमेरिका से पैसा और राजनयिक संरक्षण हासिल किया है। उसने इन सबका प्रयोग पाकिस्तान के नागरिकों की भलाई करने के लिए नहीं अपितु अपने संकीर्ण और विनाशक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किया। पाकिस्तान में ही लश्कर-ए-तैयबा व जैश जैसे संगठन फल फूल रहे हैं।

पाक सेना प्रमुख मुनीर एक खतरनाक जिहादी मानसिकता का व्यक्ति है। पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड मुनीर ही है और उस मुनीर के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति का बिरयानी खाना भारत की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है किन्तु भारत अत्यंत सवाधनी से आगे बढ़ रहा है।

पाकिस्तान इस समय इतनी नीचता पर उतर आया है कि उसने नापाक हरकत करते हुए इस्लामाबाद में भारतीय राजनायिकों के घरों में मिनरल वाटर, गैस और अखबार की आपूर्ति रोक दी है। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की है और राजधानी दिल्ली स्थित पाक दूतावास में अखबार देना बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान एक निकृष्ट शत्रु राष्ट्र है और वह उसी भाषा में समझाने लायक है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# उत्तरकाशी में तबाही के लिए बरसात को दोष मत दीजिए



(पंकज चतुर्वेदी)

मंगलवार, 5 अगस्त का दिन उत्तरकाशी में तबाही लेकर आया। गंगोत्री धाम के प्रमुख पड़ाव धराली में खीर गंगा में बादल फटने से विनाशकारी बाढ़ आई। बाढ़ के चलते न जाने कितने होटल और घर तबाह हो गए हैं, जिसके वीडियो काफी भयावह हैं। खीर गंगा के जल ग्रहण क्षेत्र में ऊपर कहीं बादल फटा, जिसके कारण यह बाढ़ आई।

क्या इसका दोष बादल, बरसात या बाढ़ को दिया जाए? या यह भी देखा जाए कि पहाड़ी नदी से सटाकर निर्माण क्यों किए गए या फिर जब सरकारी रिपोर्ट चेता रही थी कि उत्तराखंड के पहाड़ों पर भूस्खलन का दायरा बढ़ता जा रहा है, तब संवेदनशील इलाकों में निर्माण के लिए पहाड़ों को गिराना क्या जरूरी है? मानसून है, तो दुनिया के सबसे जिंदा पहाड़ पर यह सब तो होना ही था।

इसी तरह, प्यास और पानी के लिए पलायन के कारण कुख्यात बुंदेलखंड में महाराज छत्रसाल द्वारा स्थापित छतरपुर शहर के सबसे बड़े तालाब किशोर सागर पर अवैध कब्जा कर कालोनी बसा लेने का विवाद आया। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 7 अगस्त, 2014 को किशोर सागर तालाब के मूल रकवा, भराव क्षेत्र और 10 मीटर के ग्रीन जोन को कब्जा मुक्त करने का आदेश दिया। सवाल अटक गया कि भराव क्षेत्र का निर्धारण कैसे हो? इस साल सावन में इतना पानी बरसा कि किशोर सागर के भीतर बसे मकानों में दस फुट तक पानी भर गया। एक झटके में तालाब ने बता दिया कि उसका अपना दायरा कहां तक है। अब भले ही समाज और मीडिया इसे बाढ़ कहे, किशोर सागर ने नैसर्गिक तरीके से अपना घर-पता दर्ज करवा दिया। सारे देश के हर गांव-कस्बे में छोटी नदियां हों, या पारंपरिक तालाब या फिर जोहड़, उन पर कब्जे हुए और अदालती लड़ाई में यह साबित करना टेढ़ी खीर हो गया कि अमुक जल-निधि का फैलाव कहां तक है? मानसून में इसका स्वाभाविक तरीका खुद-ब-खुद सामने दिख जाता है, बशर्ते उसे मापने-आंकने और दर्ज करने की इच्छाशक्ति हो।

नैसर्गिक बाढ़ विनाशकारी नहीं होती और उसके कुछ सकारात्मक पहलू भी होते हैं। बाढ़ के विकराल होने के पीछे नदियों का उथला होना, जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गरमी, रेत की खुदाई, शहरी प्लास्टिक, खुदाई मलबे का नदी में भरना, जमीन का कटाव जैसे कई कारण दिनोंदिन गंभीर होते जा रहे हैं। जब नदी का पानी फैलता है, तो उससे आसपास के भूजल स्रोतों का पुनर्भरण होता जाता है। भूजल स्तर में सुधार से न केवल पानी का भंडार होता है, बल्कि यह धरती की सेहत के लिए भी अनिवार्य है। असम का बड़ा हिस्सा हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उपजाऊ दोआब, ये सभी बाढ़ से बहकर आई मिट्टी से ही बने हैं। बाढ़ यह भी याद दिलाती है कि नदी इंसान की तरह एक जीवंत संरचना है और उसकी याददाश्त है और उसके जिम्मे पृथ्वी को समयानुसार संरचित करना भी है। सबसे बड़ी बात, इंसान जो भी कचरा, मलबा चुपके से नदी में डाल देता है, बाढ़ उसे साफ करती है और नदी के लिए गैरजरूरी तत्वों को छांटकर किनारे पटक देती है। बाढ़ के पानी से नदियों के प्रदूषक बहकर समुद्र या अन्य जल स्रोतों में चले जाते हैं, जिससे नदी की शुद्धता और स्वच्छता में सुधार होता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी एनडीएमए के पूर्व सचिव नूर मोहम्मद का मानना है कि देश में समन्वित बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था पर कभी ध्यान नहीं दिया गया।

पानी को स्थानीय स्तर पर रोकना, नदियों को उथला होने से बचाना, बड़े बांध पर पाबंदी, नदियों के करीबी पहाड़ों पर खुदाई पर रोक और नदियों के प्राकृतिक मार्ग से छेड़छाड़ को रोकना कुछ ऐसे सामान्य प्रयोग हैं, जो बाढ़ को प्रकोप बनने से बचा सकते हैं। बाढ़ को एक आपदा के रूप में देखने के बनिस्बत इसके दीर्घकालिक लाभों पर विचार करना होगा। बाढ़ न केवल नदियों और उनके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करती है, बल्कि यह प्राकृतिक संसाधनों के वितरण में संतुलन बनाए रखने में भी मदद करती है। मानव सभ्यता को बाढ़ के साथ सह-अस्तित्व की रणनीतियों को अपनाने और इसके फायदों को समझने की जरूरत है, ताकि प्राकृतिक आपदाओं के नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके और इसके सकारात्मक पहलुओं का अधिकतम लाभ उठाया जा सके। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5824

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | | ■ | 8 | |
| ■ | 9 | | 10 | | ■ | | ■ |
| 11 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 12 | 13 |
| | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 | |
| | ■ | 17 | | | ■ | ■ | |
| 18 | | | ■ | 19 | 20 | ■ | |
| | ■ | 21 | | ■ | 22 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 21 सितंबर 1964 माल्टा ने इस देश से स्वतंत्रता हासिल की (3)
4. ये भारत के उपराष्ट्रपति थे (कार्यकाल 1997-2002)(4)
7. जल से उतपन्न वस्तु (3)
8. सोपान, सीढ़ी, जीवित रहना (2)
9. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
12. वह का रूप जो विभक्ति लगाने पर यह रूपधारण करता है (2)
14. कारण कार्य भाव, अन्योअन्य भाव, आकांक्षा, चाह (3)
16. बराबर, तुल्य (2)
17. अध्यापक, टीचर, प्रवीण व्यक्ति (3)
18. मनुज, इंसान, मनु संतति (3)
19. किस समय, किस वक्त (2)
21. यह थाईलैंड का एक पूर्व नाम है (2)
22. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष, याम घोष (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुल, सेतु (अंग्रेजी) (2)
2. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
3. इराक का एक प्रमुख शहर है जहां सुन्नियों के चौथे खलीफा याने शिया इस्लाम के पहले इमाम अली की मजार होने की वजह से ये इस्लाम तथा शिया इस्लाम का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है (3)
4. किसान, खेतिहर (3)
5. मवेशीशाला, पौनघर, बाड़ा (5)
6. अनमित, वृक्ष का एक भाग, विनत (2)
10. यह हंगरी देश के मध्य उत्तरी भाग में डैन्यूब नदी के दोनों किनारों पर स्थित है (4)
11. यह नेपाल के पूर्वांचल विकास क्षेत्र का एक प्रांत है (5)
13. बोध प्राप्त, तथागत, सुधी (5)
14. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
15. चिड़ियों को फंसाने का जाल, पक्षीपाश (3)
20. धब्बा, बतौर निर्माता यश चोपड़ा की पहली फिल्म जिसेमें राजेश खन्ना, राखी व शर्मिला थी (3)

### वर्ग पहेली 5823 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | य | त | ना | म | ■ | शि | नी |
| टु | म | दा | र | ■ | ■ | री | ति |
| र | ज | ■ | द | ■ | खु | श | ■ |
| ■ | ■ | रि | पु | ता | ■ | ■ | पा |
| रा | मा | ■ | रा | ज | गु | रू | ■ |
| रा | मा | य | ण | ■ | ल | ब | रा |
| फ | ■ | हू | ■ | जं | जा | ल | ■ |
| त | क | दी | र | ■ | र | ■ | ■ |

# नॉर्मल पानी की जगह पिएं अल्कलाइन वॉटर, इस तरह सेवन करने से बॉडी होगी डिटॉक्स

(सोनूगुप्ता)

अल्कलाइन वॉटर को क्षारीय पानी भी कहा जाता है। आप इसे घर पर आसानी से तैयार कर सकते हैं। इसे पीने से कई तरह के फायदे होते हैं। यह शरीर के इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को बनाए रखने में भी मददगार होता है।

शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए लोग नॉर्मल पानी



पीते हैं। हालांकि, आज के समय में हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए लोग तरह-तरह के ड्रिंक्स का भी सेवन करने लगे हैं। इन्हीं में से एक है अल्कलाइन वॉटर आप भी नॉर्मल पानी की जगह इसका सेवन कर सकते हैं।

### अल्कलाइन वॉटर क्या होता है?

अल्कलाइन वॉटर को क्षारीय पानी भी कहा जाता है। दरअसल, नॉर्मल पानी का श्च॥ लेवल 7 के आसपास होता है, जबकि अल्कलाइन वॉटर का श्च॥ लेवल 8 से 9 के बीच होता है। इसके सेवन से बॉडी का एसिड बैलेंस बना रहता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में भी मदद करता है।

### अल्कलाइन वॉटर में होते हैं कई तरह के मिनरल्स

अल्कलाइन वॉटर में कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम और बाइकार्बोनेट जैसे कई मिनरल्स होते हैं, जो बॉडी के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके सेवन से बॉडी का इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बना रहता है। हर रोज अल्कलाइन वॉटर पीने से शरीर से हानिकारक तत्व आसानी से बाहर निकल जाते हैं, जिससे स्किन भी ग्लो करने लगती है।

### कैसे बनाएं अल्कलाइन वॉटर ?

अल्कलाइन वॉटर आप घर पर भी आसानी से तैयार कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक लीटर फिल्टर वाला पानी लें। अब इसमें 4-5 नींबू के स्लाइस, 6-7 खीरे के पतले टुकड़े और 8-10 पुदीने की पत्तियां डालें। आप इसमें कीवी के भी कुछ टुकड़े मिला सकते हैं। अब इस मिश्रण को 4-6 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस तरह आप इस पानी का सेवन कर सकते हैं।

### कब करें सेवन?

अल्कलाइन वॉटर को आप सुबह खाली पेट भी पी सकते हैं। इसके बाद आप पूरे दिन इसे नॉर्मल पानी की जगह पी सकते हैं। आप इसे शुरुआत में धीरे-धीरे अपनी डेली रूटीन में शामिल कर सकते हैं। कुछ दिन इस पानी को पीने के बाद शरीर को इसकी आदत लग जाती है।

# आज का राशिफल

### मेष
आज आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है, जिससे लाभ कमाने के नए अवसर प्राप्त होंगे। वहीं, समाज में भी मान-सम्मान प्राप्त होगा जिससे मन प्रसन्न रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी और आपको किसी कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी मिल सकता है।

### वृष
आज आप नई योजनाएं बना सकते हैं और कहीं यात्रा पर जाने का योग भी बन रहा है, जिससे आपको सुकून महसूस होगा। अगर आप किसी लंबे समय से किसी कानूनी विवाद में फंसे थे तो अब उसमें सफलता प्राप्त हो सकती है।

### तुला
आज दिन लाभदायक रहने वाला है। अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से कामकाज को लेकर कोई समस्या या विवाद चल रहा था तो वह अब दूर हो सकता है। व्यापार में आपको कोई नया प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, जिससे मुनाफा कमाने के नए रास्ते खुलेंगे।

### वृश्चिक
आज कारोबार के मामले में आपका दिन बेहद भाग्यशाली रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में दिनभर लाभ कमाने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए आपको प्रयास करते रहना होगा। नौकरी और व्यापार के मामले में कुछ बदलाव लाने या नया करने से आपको भविष्य में बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है।

### मिथुन
आज कार्यों में ज्यादा समय व्यतीत कर सकते हैं और इससे लाभ कमाने के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आप उसी प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं, जिसमें आपको सबसे अधिक दिलचस्पी है।

### कर्क
आज दिन उत्तम रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप जिस भी प्रोजेक्ट में पूरी मेहनत और लगन के साथ काम करेंगे उसमें सफलता जरूरी प्राप्त होगी। अगर लंबे समय से जरूरी काम अधूरे पड़े थे तो वे भी पूरे होने लगेंगे और कामकाज को लेकर मीटिंग भी हो सकती है।

### धनु
आज कार्यक्षेत्र में आपको कोई भी काम पूरी सावधानी के साथ करना होगा, अन्यथा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बिजनेस के मामले में कुछ जोखिम भरे फैसले लेने से आपको भविष्य में बड़ा लाभ होने की संभावना है।

### मकर
आज कोई बढ़ा फायदा मिलने की संभावना है। आपका काम तेजी से पूरा होगा और अधूरे काम भी पूर्ण होने लगेंगे। इसी के चलते आप परिवार में ज्यादा समय बिता सकते हैं और संतान को लेकर भी कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है।

### सिंह
आज आप ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं। वहीं, आपको कार्यक्षेत्र में अपने कुछ सीनियर और विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत होगी। वरना ये आपके काम में रुकावट डालने का प्रयास कर सकते हैं।

### कन्या
आज कार्यक्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में आपको कटु वाणी का प्रयोग करने से बचना होगा और संयम के साथ फैसले लेने होंगे। अपने आसपास चल रहे किसी भी विवाद से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा।

### कुंभ
आज व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। आपको लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए प्रयास करते रहना जरूरी होगी। जल्दबाजी में फैसले लेने से परेशानी खड़ी हो सकती है। ऐसे में कार्यक्षेत्र में कोई भी फैसला सोच-समझकर ही लें।

### मीन
आज आपका दिन लाभ दिलाने वाला हो सकता है और व्यापार में जोखिम उठाने से कुछ बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। अगर आप किसी परेशानी का सामना कर रहे हैं, तो उसे धैर्य और अपनी मधुर वाणी से दूर कर सकते हैं। नौकरी करने वाले अपनी बुद्धिमानी से सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

# कौन बनेगा उपराष्ट्रपति? भाजपा ने रविवार को बुलाई संसदीय बोर्ड की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने रविवार, 17 अगस्त को अपने संसदीय बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में भारत के अगले उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार के नाम पर चर्चा की जाएगी और संभवतः अंतिम निर्णय लिया जाएगा। यह बैठक शाम 6 बजे बीजेपी मुख्यालय में आयोजित होगी। बीजेपी संसदीय बोर्ड पार्टी का शीर्ष संगठनात्मक निकाय है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य वरिष्ठ नेता हिस्सा लेने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक, एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों को भी दिल्ली बुलाया गया है ताकि वे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नामांकन में शामिल हो सकें। एनडीए के उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल कर सकता है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए के उम्मीदवार को अंतिम रूप देंगे। उनकी यह टिप्पणी संसद भवन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद आई। इस बैठक में जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे,



मिलिंद देवड़ा, प्रफुल्ल पटेल, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, राम मोहन, लल्लन सिंह, अपना दल (एस) नेता अनुप्रिया पटेल और रामदास अठावले सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे।

**उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया :** चुनाव आयोग ने 7 अगस्त को उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के लिए अधिसूचना जारी की थी, जिसमें नामांकन और मतदान की तारीखों का उल्लेख किया गया है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 21 अगस्त है, जबकि 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तारीख 25 अगस्त है, और मतदान 9 सितंबर को होगा। एनडीए ने अपने उम्मीदवार का नामांकन 21 अगस्त को करने की योजना बनाई है, जिसे एक शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है।

**जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद स्थिति :** यह बैठक पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को अचानक इस्तीफे के बाद बुलाई गई है। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंपा था, जिसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया। उनके इस्तीफे ने राजनीतिक हलकों में कई तरह की अटकलों को जन्म दिया। विपक्षी नेता जयराम रमेश ने इसे लेकर सवाल उठाए और कहा कि इस इस्तीफे के पीछे कुछ और कारण हो सकते हैं।

**संभावित उम्मीदवारों के नाम :** हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक नाम सामने नहीं आया है, लेकिन कुछ संभावित उम्मीदवारों के नाम चर्चा में हैं। इनमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह, और केंद्रीय मंत्री राम नाथ ठाकुर शामिल हैं। इसके अलावा, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नाम भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बने हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि एनडीए पिछड़े या अति-पिछड़े समुदाय से किसी उम्मीदवार को चुन सकता है, ताकि सामाजिक समावेश का संदेश दिया जा सके। विपक्षी गठबंधन, इंडिया भी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए साझा उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उनका उम्मीदवार कौन होगा। विपक्षी दलों के बीच इस मुद्दे पर चर्चा शुरू हो चुकी है, और आने वाले दिनों में इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल हैं। वर्तमान में संसद की कुल 780 सीटों में से बीजेपी के पास 394 सांसद हैं, जो बहुमत के आंकड़े 390 से अधिक है। इस मजबूत स्थिति के कारण एनडीए का उम्मीदवार उपराष्ट्रपति पद पर जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।



## 9 माह की मासूम ने खिलौना समझकर करैत सांप को दांतों से काटा, सांप की मौत, बच्ची सही सलामत

**जगदलपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जगदलपुर शहर के परपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोयेनार में 9 से 10 महीने की मासूम मानवी कश्यप ने जहरीला करैत सांप को खिलौना समझकर खेलते खेलते दांतों से कांट दिया और सांप की मौत हो गई। इस घटना को सुनकर गांव वाले दंग रह गए। हैरानी की बात यह है कि बच्ची पूरी तरह से सुरक्षित और स्वस्थ है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक कोयेनार में 13 अगस्त को घर कमरे में मानवी खेल रही थी। मां दीपिका की तबीयत खराब थी, इसलिए वह आराम कर रही थी। घर के अन्य सदस्य खेत में काम कर रहे थे। मां ने बच्ची को कमरे में खेलने के लिए छोड़ दिया। तभी दरवाजे के पीछे छुपा एक जहरीला करैत सांप कमरे में एक जगह से दूसरी जगह जा रहा था। सांप को जाता देख बच्ची मानवी ने उसे खिलौना समझकर पकड़ लिया और मुंह से चबाना शुरू कर दिया। सांप वहीं मर गया। यह घटना देखकर मां दीपिका दहशत में आ गई। बच्ची द्वारा सांप को मारने की घटना को ग्रामीण यह भी कह रहे हैं कि जाको राखे साइयां मार सके न कोई...। डाक्टरों के मुताबिक बच्ची के दांतों के वार से सांप ने कुछ ही पलों में दम तोड़ दिया होगा। इधर मां दीपिका का कहना है कि बच्ची और सांप के देखकर वह डर गई।

### संक्षिप्त समाचार

## आरएसएस से भाजपा के हैं मतभेद? राम माधव बोले- राजनीतिक कारणों से संघ का विरोध

**नागपुर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच मतभेदों की अटकलों को खारिज करते हुए पार्टी और संघ के वरिष्ठ नेता राम माधव ने कहा कि दोनों संगठन एक ही वैचारिक परिवार के अंग हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव ने कहा, ये अटकलें समय-समय पर लगाई जाती हैं। अगर किसी को कोई मुद्दा नहीं मिलता, तो आरएसएस को बीच में लाकर कहा जाता है कि आरएसएस और भाजपा में तनाव है। आरएसएस और भाजपा एक वैचारिक परिवार से जुड़े हुए दो संगठन हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीजेपी राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय है, जबकि संघ राजनीति से बाहर रहकर सामाजिक सेवा के माध्यम से काम करता है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच कोई तनाव नहीं है। राम माधव का यह बयान ऐसे समय आया है जब कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर स्वतंत्रता दिवस 2025 के संबोधन में आरएसएस की प्रशंसा करने को लेकर निशाना साधा था। कांग्रेस ने इसे संविधान का अपमान बताया था। इसके जवाब में राम माधव ने कहा कि प्रधानमंत्री का भाषण स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणादायी था और इसने संघ की 100 वर्षों की सेवा को मान्यता दी। उन्होंने कहा, कुछ लोग राजनीतिक कारणों से आरएसएस का विरोध करते हैं। कांग्रेस के कुछ नेता भी लंबे समय से यही करते रहे हैं। लेकिन हर कोई जानता है कि आरएसएस राजनीति से दूर रहकर समाज व धर्म के लिए काम करता है, अच्छे नागरिक तैयार करता है। निचले स्तर पर संगठन में हर पृष्ठभूमि के लोगों को काम करने का अवसर मिलता है। राम माधव ने यह भी कहा कि इसमें कांग्रेस पृष्ठभूमि वाले लोग भी शामिल हैं, लेकिन कुछ लोगों को लगता है कि आरएसएस का विरोध करने से उन्हें राजनीतिक लाभ मिलेगा।

## पत्नी को पीटा था, ससुराल वालों ने उसे पेड़ से बांधकर मारा

**गजपति, एजेंसी।** ओडिशा के गजपति जिले में एक व्यक्ति को पेड़ से बांधकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू विवाद के मामले में कोर्ट की सुनवाई का इंतजार कर रहे शख्स को उसके ससुराल वालों ने बेरहमी से पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पीड़ित की पहचान जलंता बलियार सिंह के तौर पर हुई, जिसे पूरी रात पेड़ से बंधा छोड़ दिया गया था। जलंता ने अपनी पत्नी सुभद्रा मालबिसोये से पहले मारपीट की थी, जिसके बाद सुभद्रा अपने मायके चली गई थी।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में क्यों नहीं पहुंचे राहुल गांधी और खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल नहीं हुए, जिसकी वजह से बीजेपी ने निशाना साधा। अब कांग्रेस ने राहुल और खरगे के कार्यक्रम में न शामिल होने की वजह बताई है। पार्टी प्रवक्ता अजय उपाध्याय ने कहा है कि पहले विपक्ष के नेता को अगली पंक्ति में बैठाया जाता था, लेकिन पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर उन्हें अंतिम पंक्ति पर बैठाया गया था। कांग्रेस प्रवक्ता अजय उपाध्याय ने आजतक के एक कार्यक्रम में कहा, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी कार्यक्रम में क्यों नहीं दिखे, यह जनता को जानना जरूरी है। यह परंपरा रही है कि संवैधानिक पद नेता प्रतिपक्ष को अगली पंक्ति में बैठाया जाता था। लेकिन पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के दौरान राहुल और मल्लिकार्जुन खरगे को अंतिम पंक्ति पर बैठाया गया था। यह राहुल और खरगे जी का मामला नहीं है, बल्कि संविधान की मर्यादा का हनन है। दोनों ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रीय पर्व मनाया और इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं हो। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने राहुल गांधी के कार्यक्रम में न शामिल होने पर निशाना साधा था और कहा था कि नेता विपक्ष का पद संवैधानिक पद होता है। इस कार्यक्रम में उनका शामिल होना संवैधानिक कर्तव्य था। वहीं, कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने भी बताया कि पिछले साल राहुल गांधी को पीछे की सीट दी गई थी, जबकि नेता विपक्ष होने के नाते उन्हें आगे बैठाया जाना चाहिए था। इसे प्रोटोकॉल या नेताओं के सम्मान का मामला मान सकते हैं, लेकिन उसमें विपक्ष को नीचा दिखाने की कोशिश की गई थी।

## दिल्ली में पत्ते शाह की दरगाह की छत और दीवार गिरी, छह की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार हो रही बारिश ने राजधानी में एक और त्रासदी ला दी। दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में शुक्रवार दोपहर को हुमायूं के मकबरे के पास मौजूद पत्ते शाह की दरगाह की छत और दीवार गिर गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। दोपहर के वक्त दरगाह में बने दो कमरों की छत और दीवार अचानक भरभराकर गिर गए। मलबे में मौलवी समेत 10 लोग दब गए। लोगों ने पुलिस और दमकलकर्मियों की मदद से सभी को निकालकर अस्पताल भेजा। लेकिन 6 लोग तब तक दम तोड़ चुके थे, वहीं चार घायलों का एम्स के ट्रॉमा सेंटर और एक का आरएमएल में इलाज चल रहा है। हादसे के वक्त मौलवी कमरे में बैठे लोगों को तावीज दे रहे थे और बाहर बारिश का पानी लगातार इमारत की नींव को खोखला कर रहा था। निजामुद्दीन स्थित ऐतिहासिक दरगाह शरीफ पत्ते वाली परिसर में मौलवी के कमरे की जिस वक्त छत गिरी, अंदर कई लोग थे।

### ऐसे हुआ हादसा

दरगाह के पीछे बने एक बड़े गड्ढे में पिछले कई दिनों से बारिश का पानी जमा हो रहा था। यह गड्ढा और भी खतरनाक हो गया क्योंकि इसकी दीवारें मिट्टी की थीं, जो धीरे-धीरे ढहने लगीं। अचानक जोरदार आवाज के साथ दीवार और छत गिर गई, जिससे मौलवी और कमरे में मौजूद सभी लोग मलबे में दब गए। पुलिस के अनुसार, मृतकों में 56 वर्षीय मीना अरोड़ा, 24 वर्षीय मोनुष्का अरोड़ा, 40 वर्षीय अनीता सैनी, 35 वर्षीय मोइनुद्दीन, 79 वर्षीय स्वरूप चंद और आरिफ शामिल हैं। घायलों में शमीम, आर्यन, रशद परवीन, गुड़िया परवीन और रानी का नाम शामिल है, जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

### स्थानीय मदद और पुलिस की तत्परता

हादसे के बाद एसएचओ निजामुद्दीन और कांस्टेबल राजेंद्र सबसे पहले मौके पर पहुंचे। उन्होंने हुमायूं मकबरे की



सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की मदद से मलबे से तीन लोगों को बाहर निकाला। करीब 15-20 मिनट बाद दमकल, एनडीआरएफ और डॉग स्क्वाड की टीमें पहुंचीं और ढाई घंटे के ऑपरेशन के बाद सभी को बाहर निकाला गया।

### 50 साल पुरानी संरचना, अधूरा पुनर्निर्माण

दरगाह से जुड़े लोगों के अनुसार, मौलवी के लिए बने ये कमरे करीब 50 साल पुराने थे। दीवारें और छत मिट्टी व ईंट से बनी थी। लगभग 25 साल पहले इनके पुनर्निर्माण की कोशिश की गई, लेकिन एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) ने रोक लगा दी, क्योंकि यह हुमायूं टॉम्ब के संरक्षित क्षेत्र के भीतर आता था। तब से इनमें कोई बड़ी मरम्मत नहीं हुई, जिससे संरचना बेहद कमजोर हो गई थी।

### शुक्रवार की भीड़ बनी आफत

दरगाह पर शुक्रवार को विशेष रूप से बड़ी संख्या में लोग मन्नत मांगने और तावीज लेने आते हैं। हादसे के समय भी मौलवी के कमरे में 10 से ज्यादा लोग मौजूद थे। लगातार बारिश और भीड़ के भार ने पहले से कमजोर संरचना को और दबाव में ला दिया।

### पुलिस ने शुरू की जांच

संयुक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी रेंज) एसके जैन ने बताया कि पुलिस ने दरगाह के संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए गए हैं। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के डीएम ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह हिस्सा अतिक्रमण हो सकता है। जांच में पुष्टि होने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### सात दिनों में 16 मौतें

दिल्ली में पिछले सात दिनों से लगातार हो रही बारिश ने अब तक 16 लोगों की जान ले ली है। नौ अगस्त को जैतपुर में समाधि स्थल की दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हुई थी। गुरुवार को कालकाजी में पेड़ गिरने से एक बाइक सवार की मौत हुई, जबकि वसंत विहार में दीवार गिरने से दो बच्चे मारे गए। अब निजामुद्दीन हादसा इस सूची में नया जुड़ाव है।

### क्या बोले मौके पर मौजूद लोग

मौजिम, प्रत्यक्षदर्शी- जब हादसा हुआ, उससे थोड़ी देर पहले तक मैं भी उसी कमरे में ही था। मैं मौलवी शमीम अख्तर से मिलकर कमरे से बाहर आ रहा था कि अचानक कमरे की छत भरभराकर गिर गई। अगर एक सेकंड की भी देर हुई होती तो मेरी भी जान चली जाती। गीता, अनुयायी- मैं अक्सर दुआ पढ़ने यहां आती हूं। बारिश हुई थी, जिस वजह से मैं भी बाकी लोगों के साथ कमरे में चली गई थी। फिर मैं बाहर आ गई। मेरे साथ आई एक महिला अंदर मलबे में दब गई थी। उनका पता नहीं चल पाया है कि वह किस स्थिति में हैं। निर्मल कुमार, एएसआई के स्मारक में तैनात सुरक्षाकर्मी- जैसे ही दीवार और छत गिरी वैसे ही यहां का नजारा बदल गया था। लोग इधर से उधर भाग रहे थे। कुछ लोगों को निकालने में मैंने भी मदद की। हादसा इतना भयानक था कि लोग अंदाजा नहीं लगा पा रहे थे कि कहां से अंदर जाएं।

## बदलाव की बयार; बस्तर के 14 नक्सल प्रभावित गांवों में पहली बार फहराया जाएगा तिंरगा

**बस्तर, एजेंसी।** इसे बदलाव की बयार कहें या नक्सलियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन की जीत,छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के 14 गांव ऐसे हैं जहां शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के बाद पहली बार राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन गांवों के करीब सुरक्षाबलों के नए शिविरों की स्थापना से वहां पहली बार राष्ट्रीय त्योहार मनाना आसान हो गया है और संबंधित क्षेत्रों के विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया, बीजापुर जिले के गुंजेपर्ती, पुजारीकांकेर, भीमाराम, कोरचोली और कोटपल्ली गांव, नारायणपुर जिले के कुतुल, बेड़माकोटी, पदमकोट, कांदुलनार, नेलांगुर, पांगुर और रायनार तथा सुकमा जिले के उसकावाया और नुलकातोंग में शुक्रवार को तिरंगा फहराया जाएगा। यहां आजादी के बाद से स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया गया था। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, इन तीन जिलों के उन 15 गांवों में भी पहली बार स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा, जहां इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान पहली बार तिरंगा फहराया गया था। सुंदरराज ने कहा कि इन गांवों के पास नए शिविरों की स्थापना से नक्सली पीछे हट गए हैं, इसके परिणामस्वरूप नक्सलियों द्वारा (स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर) काले झंडे फहराने की घटनाएं लगभग शून्य हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर अब देशभक्ति की भावना के साथ राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने कहा, इस बार 15 अगस्त बस्तर के लिए सचमुच एक ऐतिहासिक दिन है। इन सुदूर गांवों में आया यह बदलाव प्रेरणादायक व उत्साहवर्धक है। जिन क्षेत्रों में कभी भय और दहशत हुआ करती थी, वहां आज उत्साह के साथ राष्ट्रीय उत्सव की तैयारी की जा रही है।

## सपा की विधायक राग़िनी सोनकर पर भड़कीं पूजा पाल


**मछलीशहर, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी से निकाली गईं चायल विधायक पूजा पाल लगातार समाजवादी पार्टी के नेता लगातार हमलावर हैं। इसी कड़ी सपा विधायक रागिनी सोनकर ने भी तीखा हमला किया था। रागिनी ने कहा था कि कौन हैं पूजा पाल? इस पर अब पूजा पाल ने भ तीखी प्रतिक्रिया दी है। पूजा पाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर मछलीशहर सीट से समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर को जवाब देते हुए लिखा कि किसी ने पूछा है पूजा पाल कौन? पिता की विरासत से विधायक बनने वाले को जवाब देने का मतलब नहीं? क्योंकि जब पूजा पाल न्याय के लिए कोर्ट और कचहरी में जब दौड़ती थी तो वो लोग अपने पिता की एंबेसेडर कार से बड़े कॉलेज में जाते थे तो उनको किसी के संघर्षों का मूल्य क्या ही पता होगा? लेकिन फिर भी बता दूं कि पूजा पाल उस पीडीए की पीड़ित महिला है जिसने अन्याय



अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई जब कुछ लोग उसी माफिया के घर चाय पानी करते थे।

आपको बता दें कि पूजा पाल पर ऐक्शन के बाद सपा विधायक रागिनी सोनकर से जब मीडिया ने प्रतिक्रिया ली तो उन्होंने पूछा कौन पूजा पाल जी? पूजा पाल किस पार्टी में है? धन्यवाद आपने बताया दिया। क्योंकि मुझे ये पता नहीं था। जनता भी इस वजह से रोष में है। रागिनी सोनकर ने कहा कि पूजा पाल ने पार्टी को धोखा दिया। रागिनी सोनकर ने कहा कि वो सपा के भरोसे चुनाव जीत कर आई थीं। जब समय समाजवादी पार्टी को भरोसा था कि वो हमारे सदस्य को चुनकर आगे भेजेंगी तब उन्होंने उस समय पार्टी को धोखा दिया। योगी की तारीफ करने पर ऐक्शन हुआ के सवाल पर जवाब देते हुए रागिनी ने कहा कि जिस समय गलत वोट कि तब ऐक्शन नहीं हुआ। एक तारीफ से ऐक्शन हो गया। ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे जो प्रक्रिया हो रही है वो तो पार्टी अपने हिसाब से ऐक्शन लेती है।

आपको बात दें कि पूजा पाल ने यूपी विधानसभा के मॉनसून सत्र में यूपी विजयन डॉक्यूमेंट पर अपनी बात रखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ का जमकर तारीफ की थी। पूजा ने कहा था कि मेरे पति के हत्यारे अतीक अहमद को मुख्यमंत्री ने मिट्टी में मिलाने का काम किया। पूजा पाल के इस बयान के कुछ घंटों बाद सपा ने पूजा पाल को निष्कासित कर दिया।



## जगदीप धनखड़ इस्तीफा देने के बाद अभी उपराष्ट्रपति आवास में ही हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पिछले महीने अचानक से इस्तीफा देकर सभी को हैरान कर दिया था। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था, लेकिन सूत्रों ने वजह कोई और ही बताई थी। इसके बाद अटकलें लग रही थीं कि आने वाले समय में धनखड़ अपने इस्तीफे का असल कारण बता सकते हैं, लेकिन ऐसा हुआ नहीं, बल्कि वह लंबे समय से दिखाई नहीं दिए। विपक्षी सांसद सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर जगदीप धनखड़ हैं कहां पर? उनकी सार्वजनिक उपस्थिति के बारे में पता क्यों नहीं चल रहा। लेकिन अब पत चल गया है कि आखिर वर्तमान समय में धनखड़ कहां हैं।

इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ वहीं हैं, जहां पहले थे। मतलब वे अभी उपराष्ट्रपति आवास में ही हैं। भले ही धनखड़ का कोई बयान सामने नहीं आ रहा हो और न ही वे दिखाई दिए हों, लेकिन वे वाइस प्रेसिडेंट एन्क्लेव में ही रह रहे हैं। राज्यसभा सचिवालय ने 6 अगस्त को कौस्तुभ सुधाकर भालेकर, जो धनखड़ के वरिष्ठ निजी सचिव थे, को पूर्व उपराष्ट्रपति का निजी सचिव नियुक्त किया है। धनखड़ पिछले साल अप्रैल महीने में ही चर्च रोड पर बने वाइस प्रेसिडेंट एन्क्लेव में शिफ्ट हुए थे। इसे सेंट्रल विस्टा रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत उपराष्ट्रपति के रहने और उनके दफ्तर के लिए बनाया गया है।

21 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद से ही चर्चा तेज हो गई थी कि जगदीप धनखड़ जल्द ही उपराष्ट्रपति आवास छोड़कर उन्हें मिलने वाले टाइप-8 बंगले में शिफ्ट हो सकते हैं। इसके लिए उन्होंने शिफ्टिंग के लिए तैयारियां भी शुरू कर दीं। हालांकि, अभी तक वे शिफ्ट नहीं हुए हैं और उपराष्ट्रपति आवास में ही रह रहे। धनखड़ उपराष्ट्रपति रहने की वजह से दिल्ली के लुटियंस जोन में टाइप-8 के सरकारी बंगले के हकदार हैं। यह बंगला काफी बड़ा है और सुप्रीम कोर्ट के जजों, वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों, राष्ट्रीय दलों के प्रमुखों को दिया जाता है। आमतौर पर इसका क्षेत्रफल आठ हजार से साढ़े आठ हजार फीट तक होता है।

बता दें कि शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल समेत कई नेता जगदीप धनखड़ कहां हैं, इस पर सवाल पूछ चुके हैं। संजय राउत ने गृह मंत्री अमित शाह को लिखे लेटर में कहा था कि पूर्व उपराष्ट्रपति के बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वे कहां हैं। उनका मौजूदा पता क्या है और उनका स्वास्थ्य कैसा है। इस बारे में कुछ भी साफ नहीं है। राज्यसभा के कुछ सदस्यों ने संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन विफल रहे। इसके अलावा, कपिल सिब्बल ने कहा था कि उन्होंने लापता लेडीज फिल्म के बारे में तो सुना है, लेकिन लापता उपराष्ट्रपति के बारे में भी नहीं सुना। इस्तीफा दिए हुए कई दिन हो गए हैं, लेकिन पता नहीं कि वे कहां हैं।

## मैं कुछ घोषणाएं करने वाली हूं, अगर आपने ध्यान नहीं दिया तो यहीं से नमस्ते कर आगे बढ़ जाऊंगी: दीया कुमारी

**डीडवाना, एजेंसी।** राजस्थान के डीडवाना जिले में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में शुक्रवार का दिन अचानक राजनीतिक रंगमंच बन गया। मंच पर मौजूद डिप्टी मुख्यमंत्री दीया कुमारी अपने भाषण में जुटी ही थीं कि माहौल में एक अलग ही 'तड़का' लग गया। वजह थी शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी का आगमन। जैसे ही भाटी मंच पर पहुंचे, उनके समर्थकों का जोश सातवें आसमान पर पहुंच गया। नारेबाजी शुरू हुई तो रुकने का नाम ही नहीं ले रही थी। भाटी साहब जिंदाबाद के नारे पूरे पंडाल में गूंजने लगे। इस शोर-शराबे के बीच दीया कुमारी को अपना संबोधन बीच में रोकना पड़ा। मंच पर माहौल ऐसा था कि लगता था जैसे कोई चुनावी रैली अचानक कार्यक्रम में घुस आई हो। दीया कुमारी ने हालांकि मुस्कुराकर स्थिति संभालने की कोशिश की। उन्होंने रविंद्र सिंह भाटी की प्रशंसा भी कर दी, लेकिन समर्थकों की गूंजती आवाजें बार-बार उनकी बात को बीच में काट रही थीं। कुछ पल के लिए ऐसा भी लगा कि भाषण अब आगे नहीं बढ़ पाएगा। लेकिन तभी डिप्टी सीएम ने अपने अंदाज़ में मोर्चा संभाला। हल्की मुस्कान



और नपी-तुली चुटकी के साथ उन्होंने समर्थकों से कहा - आप शांति से मेरी बात सुनने दीजिए। आपको और रविंद्र सिंह जी को सड़कें तो मुझे ही बनानी होंगी।

भीड़ के जोश पर लगाम लगाने के लिए दीया कुमारी ने अगला 'पंच' मारा - मैं कुछ घोषणाएं करने वाली हूं, अगर आपने ध्यान नहीं दिया तो यहीं से नमस्ते कर आगे बढ़ जाऊंगी। उनके इस हाजिर जवाब पर कुछ पल के लिए पंडाल में ठहाके भी गूंजे, और समर्थकों की आवाज थोड़ी धीमी पड़ गई।

पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलने पर पूर्व खिलाड़ी सचिन-BCCI पर भड़का

# गावस्कर पूरे इंडिया को हिला देता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज करसन घावरी ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलने पर नाराजगी जताई है। भारत के 2025 में इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट सीरीज का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कर दिया गया। घावरी ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पर नाम बदलने से न रोकने के लिए निशाना साधा है। घावरी ने यह भी कहा है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का नाम बदला जाए तो दिग्गज सुनील गावस्कर पूरे भारत को हिलाकर रख देते।

2007 की सीरीज के दौरान भारत के पहले टेस्ट मैच के 75 वर्षों के उपलक्ष्य पर ईसीबी ने दोनों देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान (टाइगर) पटौदी के नाम पर ट्रॉफी का नाम रखा था।

### ईसीबी ने बदला ट्रॉफी का नाम

टाइगर को भारत के सबसे बेहतरीन कप्तानों में से एक माना जाता है। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 46 मैचों में से 40 में नेतृत्व किया था। हालांकि, नाम और ट्रॉफी ईसीबी के विवेकाधिकार में आने के कारण बोर्ड ने इस वर्ष की शुरुआत में सीरीज का नाम बदलने का फैसला किया। पटौदी के नाम की जगह तेंदुलकर और इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को यह सम्मान दिया गया।





### घावरी ने बीसीसीआई और सचिन तेंदुलकर पर निशाना साधा

विक्की लालवानी के साथ एक यूट्यूब शो में बात करते हुए घावरी ने बीसीसीआई और सचिन तेंदुलकर पर निशाना साधा। शुभमन गिल की अगुआई में नई भारतीय टेस्ट टीम तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी खेली और बेन स्टोक्स की इंग्लैंड टीम के साथ रोमांचक पांच मैचों की सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली।

#### ● गावस्कर पूरे इंडिया को हिला के रख देगा

घावरी ने कहा, यह बिल्कुल गलत है। पहली बात ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज सीरीज को हमेशा फ्रैंक वॉरिल ट्रॉफी कहा जाता है। भारत-ऑस्ट्रेलिया ट्रॉफी को हमेशा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी कहा जाता है। अगर इसका नाम बदल दिया जाए, तो गावस्कर पूरे इंडिया को हिला के रख देगा।

#### ● सचिन को मना कर देना चाहिए था

घावरी ने कहा, बीसीसीआई को एमसीसी और ईसीबी के सामने अपनी बात रखनी चाहिए थी। टाइगर का नाम नहीं हटाया जाना चाहिए था। इसी संदर्भ में जब सचिन तेंदुलकर की बात आई कि इस ट्रॉफी को बदला जाएगा और इसका नाम आपके और एंडरसन के नाम पर रखा जाएगा तो सचिन को मना कर देना चाहिए था। आपत्ति की बात अलग है।

#### ● अपनी बात पर अड़ा रहना चाहिए था

घावरी ने कहा, सबसे पहले आपको अपनी बात पर अड़ा रहना चाहिए था और कहना चाहिए था, नहीं, मैं अपना नाम इस्तेमाल नहीं करना चाहता क्योंकि टाइगर पटौदी का नाम पहले से ही वहां है। वह भारतीय क्रिकेट के दिग्गज हैं। अगर आपको मेडल देने हैं तो हमारा नाम इस्तेमाल करें। ट्रॉफी का नाम वही रहना चाहिए।

## प्रणेश ने चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स में चैलेंजर्स खिताब जीता, कीमर ने जीत के साथ किया समापन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर एम प्रणेश ने अंतिम दौर में असफलता के बावजूद शुक्रवार को क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता जबकि मास्टर्स वर्ग में अपना खिताब पहले ही सुनिश्चित कर चुके विंसेंट कीमर ने रे रॉबिनसन पर आसान जीत के साथ अपने अभियान का शानदार अंत किया। भारतीय ग्रैंडमास्टर एम प्रणेश ने अंतिम दौर में असफलता के बावजूद शुक्रवार को क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता जबकि मास्टर्स वर्ग में अपना खिताब पहले ही सुनिश्चित कर चुके विंसेंट कीमर ने रे रॉबिनसन पर आसान जीत के साथ अपने अभियान का शानदार अंत किया। कीमर को इस जीत से 25 लाख रुपये की इनामी राशि मिली। उन्होंने गुरुवार को ही खिताब अपने नाम पर पक्का कर दिया था इसलिए सभी का ध्यान चैलेंजर्स वर्ग पर लगा था। इस वर्ग में नाटकीय उतार-चढ़ाव देखने को मिले, जहां पा इनियन ने अभिमन्यु पुराणिक को जबकि अधिबान भास्करन ने लियोन ल्यूक मेंडोंका को हराया। लियोन तथा अभिमन्यु दूसरे स्थान पर रहे। दीप्तायन घोष और आर्यन चोपड़ा ने भी क्रमशः वैशाली रमेशबाबू और द्रोणवल्ली हरिका को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रणेश (6.5 अंक) अंतिम दौर में जीबी हर्षवर्धन से हार गए लेकिन खिताब जीतने में सफल रहे जिसके लिए उन्हें सात लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली। मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी ने कार्तिकेयन मुरली और अनीश गिरी के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया।

## आयरलैंड के खिलाफ फील्ड पर उतरते ही जैकब बेथेल तोड़ेंगे 136 साल पुराना रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए हैरी ब्रूक कप्तान हैं। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए जैकब बेथेल को कप्तान बनाकर इंग्लैंड ने उन्हें इतिहास रचने का मौका दिया है। आयरलैंड और इंग्लैंड के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज होनी है। इस सीरीज के लिए इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने टीम की कमान 21 साल के युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल को सौंपी है। बेथेल 17 सितंबर को जब आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 के लिए फील्ड पर उतरेंगे, तो इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास के सबसे युवा कप्तान बन जाएंगे।

इंग्लैंड के युवा कप्तान के रूप में जैकब बेथेल मोंटी बोडेन का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। मोंटी बोडेन को 1889 में एकमात्र टेस्ट के लिए इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया था। उस समय उनकी उम्र 23 साल थी। 21 साल के बेथेल उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार हैं। मोंटी बोडेन ने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट खेले और 2 पारियों में 25 रन बनाए। वह सरे की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते थे और 86 प्रथम श्रेणी मैचों की 132 पारियों में 2,316 रन बनाए। इस दौरान 3 शतक और 7 अर्धशतक उन्होंने लगाए।

महिला डीपीएलः

## रविवार को पहले मुकाबले में गत विजेता नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स का सामना साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से

नई दिल्ली, एजेंसी। महिला दिल्ली प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण 17 से 24 अगस्त तक अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बार चार टीमें हिस्सा ले रही हैं - साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स और सेंट्रल दिल्ली क्वींस। एक हफ्ते तक ये टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 अगस्त को पिछले साल की चैंपियन टीम नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और उपविजेता साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले से होगी। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की कप्तान आयुषी सोनी ने कहा, हम आने वाले समय के लिए पूरी तरह तैयार और उत्साहित हैं। यह लीग शहर में क्रिकेट के लिए एक बड़ा कदम है, और इसके लिए हम डीडीसीए के बहुत आभारी हैं। यह सिर्फ़ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि खेल का एक उत्सव है जो खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा और प्रशंसकों का मनोरंजन करेगा। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज की कप्तान श्वेता सहरावत ने कहा, हम बेसब्री से लीग की शुरुआत का इंतज़ार कर रहे हैं। माहौल बेहद जोशीला है और इसके लिए हम डीडीसीए के आभारी हैं। उन्होंने उभरती प्रतिभाओं के लिए एक शानदार मंच तैयार किया है और हम सभी को किसी खास चीज़ का हिस्सा बनने का मौका दिया है। ईस्ट दिल्ली राइडर्स की कप्तान प्रिया पूनिया ने खुशी जताते हुए कहा, हम सब इस टूर्नामेंट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस लीग को हकीकत में बदलने के लिए डीडीसीए की दूरदर्शिता और कड़ी मेहनत के लिए हम उनके प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं। डीडीसीए ने खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका दिया है। सेंट्रल दिल्ली क्वींस की कप्तान सोनी यादव ने कहा, यह प्रतियोगिता प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन होगी। हम डीडीसीए के प्रयासों की सराहना करते हैं और इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहे हैं। 24 अगस्त को लीग चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल में भिड़ेंगी और विजेता का फैसला होगा।



## चेसः सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में गुकेश संयुक्त छठे स्थान पर, आरोनियन को खिताब

**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी।** पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके।



विश्व चैम्पियन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए। पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके।

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज में मचाया तहलका

### ● पाकिस्तानी गेंदबाजों की खूब की पिटाई, ठोके 14 चौके-छक्के

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ने कैरेबियाई धरती पर पाकिस्तान के गेंदबाजों की पिटाई करते हुए अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी. इस खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के कप्तान शे होप के साथ शतकीय साझेदारी निभाकर 16 गेंद रहते टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की. इन दोनों बल्लेबाजों ने केवल 59 गेंदों में 114 रनों की पार्टनरशिप करके सीपीएल 2025 के दूसरे मुकाबले को बिल्कुल एकतरफा कर दिया. इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बेन मैक्डरमट ने 10 चौके और चार छक्के जड़ते हुए शानदार फिफ्टी ठोक दी. वेस्टइंडीज के कप्तान ने भी नाबाद फिफ्टी ठोकते हुए इस लीग में शानदार शुरुआत की. सीपीएल 2025 का दूसरा मुकाबला सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स और गयाना अमेजॉन वॉरियर्स के बीच खेला गया. इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुएसेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 153 रन बनाए. टीम की ओर से आंद्रे फ्लेचर ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंद पर 60 रन बनाए. फ्लेचर ने अपनी इस पारी के दौरान एक चौका और पांच छक्के लगाए. उनके अलावा युवा खिलाड़ी ज्येड गूली ने 24 रन का योगदान. अमेजॉन वॉरियर्स की ओर से ऑलराउंडर ड्वेन प्रीटोरियस ने चार ओवर में 43 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इमरान ताहिर ने दो विकेट अपने नाम किए. 153 रनों के इस लक्ष्य को बेन मैक्डरमट ने काफी छोटा बना दिया और टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी.



### बेन मैक्डरमट ने वेस्टइंडीज में मचाया तहलका

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेजॉन वॉरियर्स का पहला विकेट जल्द गिर गया था, लेकिन उसके बाद बेन मैक्डरमट ने शे होप के साथ दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की. मैक्डरमट ने इस साझेदारी के दौरान 39 गेंद पर 75 रन की तूफानी पारी खेली. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान अमेजॉन वॉरियर्स के किसी भी गेंदबाज को नहीं छोड़ा और सभी के खिलाफ तगड़ा प्रहार किया. अपनी इस पारी के दौरान धाकड़ बल्लेबाज ने पाकिस्तान के अब्बास अफरीदी के एक ही ओवर में 21 रन बनाए. इसके अलावा उन्होंने नसीम शाह की भी खूब पिटाई की. बेन मैक्डरमट के अलावा शे होप ने 56 रन की नॉटआउट पारी खेली.

प्रीमियर लीगः

## लिवरपूल का प्रीमियर लीग में जीत के साथ आगाज, दिवंगत फुटबॉलर जोटा को दी श्रद्धांजलि

**लंदन, एजेंसी।** लिवरपूल के खिलाड़ियों ने मैदान पर घेरा बनाया, जबकि दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। आखिरी सीटी बजने के बाद सालाह अपने आंसू नहीं रोक सके।

गत चैम्पियन लिवरपूल ने जज्बात से भरे मुकाबले में बूर्नमाउथ को 4-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के साथ आगाज करके डियोगो जोटा को श्रद्धांजलि दी, जबकि इस मैच में एक खिलाड़ी नस्लीय टिप्पणी का भी शिकार हुआ। दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद लिवरपूल के लिए 88वें मिनटमें फेडरिको चिएसा और स्टॉपेज टाइम में मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। इससे पहले हुगो एकिटिके और कोडी गाकपो ने लिवरपूल को 2-0 से बढ़त दिलाई थी।

मैच 28वें मिनट में कुछ देर के लिए रुका जब बूर्नमाउथ के फॉरवर्ड अंतोइने सेमेन्यो ने रैफरी एंथोनी टेलर से शिकायत की कि एक दर्शक ने उन पर नस्लीय टिप्पणी की है। टीम के मैनेजर ने कहा कि टिप्पणी करने वाले को पहचान लिया गया है। घाना के 25 वर्ष के सेमेन्यो को उनके साथी खिलाड़ियों ने ढांढस बंधाया। सेमेन्यो ने 64वें और 76वें मिनट में गोल करके लिवरपूल की बढत उतार दी थी। पिछले पांच साल में लिवरपूल के लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की तीन जुलाई को एक कार हादसे में मौत के बाद टीम का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था।

मैच शुरू होने से पहले प्रशंसकों ने हाथ में पुर्तगाल के इन दोनों खिलाड़ियों के लिये 'डीजे20 ' और 'एएस 30' के प्लेकार्ड ले रखे थे। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने मैदान पर घेरा बनाया, जबकि दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी।

आखिरी सीटी बजने के बाद सालाह अपने आंसू नहीं रोक सके। वह कोप स्टैंडके सामने खड़े रहे। उन्होंने मैच में अपने गोल के बाद जोटा की तरह जश्न भी मनाया ।



## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन का निधन, स्टीव वॉ किया उनके योगदान को याद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान बॉब सिम्पसन का शनिवार को निधन हो गया। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज स्टीव वॉ ने अपने करियर और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में बॉब सिम्पसन के योगदान की प्रशंसा की। स्टीव वॉ ने इंस्टाग्राम पर लिखा, बॉब सिम्पसन से ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को किसी ने नहीं दिया। कोच, खिलाड़ी, कमेंटेटर, लेखक, चयनकर्ता, मार्गदर्शक और पत्रकार के तौर पर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के उत्थान और टीम को सर्वश्रेष्ठ बनाने में बड़ी भूमिका निभाई।



वॉ ने लिखा कि वह खेल के अपने ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाने की इच्छा रखने वाले सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट कोच थे। उन्होंने मुझे एक बेहतर खिलाड़ी और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को महान बनाया। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच शनिवार को होने वाले तीसरे टी20 मैच से पहले उन्हें मौन रहकर श्रद्धांजलि दी जाएगी। मैच के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने हाथ पर काली पट्टी भी बांधेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक बॉब सिम्पसन का निधन 89 साल की उम्र में शनिवार को सिडनी में हो गया।

बॉब सिम्पसन ने 1957 से लेकर 1978 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 62 टेस्ट और 2 वनडे मैच खेले। टेस्ट मैचों में 10 शतक और 27 अर्धशतक लगाते हुए उन्होंने 4,869 रन बनाए। उनके नाम तिहरा शतक लगाने की उपलब्धि है। उनका सर्वाधिक स्कोर 311 था। इसके अलावा 71 विकेट भी उन्होंने लिए थे। वहीं, वनडे में उन्होंने 36 रन बनाए थे और 2 विकेट लिए थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बॉब का रिकॉर्ड असाधारण है। 257 प्रथम श्रेणी मैचों में 60 शतक और 100 अर्धशतक लगाते हुए उन्होंने 21,029 रन बनाए थे।

# 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## कलेक्टर सुरेश कुमार ने मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण

**पन्ना।** देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को जिले में भी हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर सुरेश कुमार ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन बजाई गई।

ध्वजारोहण के पश्चात कलेक्टर श्री कुमार ने खुली जिप्सी में पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ परेड का निरीक्षण किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उन्मुक्त गगन में गुब्बारे छोड़े गए। समारोह में परेड की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा पुलिस बैण्ड की सुमधुर ध्वनि के बीच आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रजातंत्र रक्षकों का सम्मान भी हुआ। मुख्य अतिथि ने परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया।

स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में परेड के साथ कई स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से पीटी का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। सशस्त्र और गैर शस्त्र परेड का प्रदर्शन भी हुआ। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कारों का वितरण किया गया। शासकीय दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन पर विभिन्न शासकीय विभागों के लोकसेवक भी सम्मानित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सीनियर वर्ग में शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक 1 पन्ना को प्रथम, सांदीपनि विद्यालय पन्ना को द्वितीय और महर्षि विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय पन्ना को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह जूनियर वर्ग में सरस्वती उ.मा. विद्यालय पन्ना को प्रथम, ब्लू स्काई स्कूल पन्ना को द्वितीय और लिस्यू आनंद विद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सशस्त्र बल परेड वर्ग में जिला पुलिस बल पुरूष की



टुकड़ी को प्रथम, विशेष सशस्त्र बल की 10वीं वाहिनी को द्वितीय और होमगार्ड की टुकड़ी को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह गैर शस्त्र परेड के सीनियर वर्ग में वन विभाग उत्तर वन मंडल की टुकड़ी को प्रथम, शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना की एनसीसी टुकड़ी को द्वितीय एवं एनसीसी सीनियर महिला टुकड़ी को तृतीय स्थान मिला, जबकि जूनियर परेड वर्ग में एनसीसी जूनियर विंग को प्रथम, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना के गाइड दल को द्वितीय एवं स्काउट दल को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण ने मानव श्रृंखला बनाकर देशप्रेम की भावना विकसित करने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का संदेश दिया। इसमें उपस्थित अतिथियों ने भी सहभागिता कर तिरंगा लहराया।

कार्यक्रम में विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शासकीय सेवक, गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रमोद अवस्थी एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक डॉ. कल्पना वर्मा द्वारा किया गया।

शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में पहली बार एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री जी के संदेश के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान सुबह 9.25 बजे से 9.55 बजे तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन को उपस्थितजनों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर देखा एवं सुना गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं जिला कलेक्टर द्वारा अपने संक्षिप्त उद्बोधन में जिलेवासियों को आजादी के पर्व की बधाई दी गई। कलेक्टर ने कहा कि हम विकसित जिले की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रहे हैं और निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि जिले में केन बेतवा लिंक परियोजना के फलीभूत होने से पर्याप्त पेयजल के साथ सिंचाई सुविधा भी सुलभ होगी। मुख्य अतिथि ने जिले में उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण, संबल, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति, जननी सुरक्षा एवं मातृ वंदना, प्रसूति सहायता, बाल हृदय उपचार योजना इत्यादि से लाभांवित हितग्राहियों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही समर्थन मूल्य पर सफलतापूर्वक फसल उपार्जन, पराली जलाने की प्रथा पर रोकथाम, खीरे की खेती को बढ़ावा देने के प्रयास, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 150 इकाई की स्थापना एवं संचालन, 50 अनाथ बच्चों को 2000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता, महिला सशक्तिकरण एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के प्रयास सहित जल जीवन मिशन के तहत विभिन्न परियोजनाओं के संचालित कार्यों की जानकारी भी दी।

कलेक्टर ने छत्रसाल स्टेडियम एवं तलैया फील्ड मैदान में इनडोर स्टेडियम निर्माण, डायमंड पार्क बनने से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर के सृजन तथा मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए 25 एकड़ की भूमि आरक्षित करने की जानकारी भी दी। इसके अलावा गत वर्ष में 78 हीरों की नीलामी, रेल लाइन के निर्माण कार्य, परीक्षा परिणाम में सुधार के प्रयासों सहित अटल सुशासन भवनों के निर्माण और पन्ना, ककरहटी एवं गुनौर क्षेत्र में वृहद स्तर पर सड़क निर्माण कार्यों की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए भी अपेक्षित प्रयास किए जा रहे हैं। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए बैंक खाते में राशि प्रदान की जा चुकी है। शासन के निर्देशों के तहत स्कूटी का वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों के उपचार उपरांत डिस्चार्ज पर न्यूट्री बास्केट के वितरण की कार्ययोजना से भी अवगत कराया। कलेक्टर ने आशा व्यक्त की कि पन्ना जिला विकसित मध्यप्रदेश की आधारशिला बनेगा।

# कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट भवन में किया ध्वजारोहण



**पन्ना।** स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। जिला कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को आजादी के पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, डिप्टी कलेक्टर अनिल तलैया एवं तहसीलदार मेघेन्द्र बंदोपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शासकीय कार्यालयों में कार्यालय प्रमुखों द्वारा सुबह 7.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

## बालक छात्रावास में बच्चों के साथ किया विशेष भोज

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार पुलिस परेड ग्राउण्ड पन्ना से स्वतंत्रता दिवस समारोह के पश्चात बायपास रोड पन्ना स्थित सीडब्ल्यूएसएन बालक छात्रावास पहुंचे और बच्चों के साथ विशेष भोज किया। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विद्यार्थियों से भेंट कर संवाद किया और सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। विशेष भोज में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी भी उपस्थित रहे।

# बलराम जयंती पर बलदेव मंदिर में पहली बार हुआ श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन

**पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से बलराम जयंती पर पन्ना के श्री बलदेव जी मंदिर परिसर में 14 अगस्त को श्रीकृष्ण पर्व-हलधर महोत्सव एवं लीलाधारी का प्रकटोत्सव का आयोजन किया गया। पहली बार आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बलदेव जी मंदिर की शीतल और पवित्र छाया में छतरपुर की कमला लोधी ने श्रीकृष्ण केन्द्रित भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। लाल बहादुर घासी, सीधी ने घसिया बाजा और स्वप्निल मैलोडी ग्रुप, जबलपुर के कलाकारों के दल द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई।




विधायक पन्ना एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर श्रीकृष्ण पर्व का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य सूची में शामिल हरछठ महोत्सव की आगामी वर्षों में अलग पहचान होगी। सांस्कृतिक कैलेण्डर में इस महोत्सव के शामिल होने से देश के विख्यात कलाकार अपनी प्रस्तुति भी देंगे। विधायक ने बलराम जयंती पर हरछठ महोत्सव को संस्कृति विभाग के कैलेण्डर में स्थान मिलने पर जिला कलेक्टर के प्रयास की सराहना भी की और कहा कि पन्ना में एक वर्ष में 4 त्यौहारों का आयोजन उत्सवी माहौल में होता है। पन्ना में हरछठ एवं जन्माष्टमी पर्व के अलावा श्री जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा और छत्रसाल जयंती की भी विशेष मान्यता है। उन्होंने कहा कि अब मंदिर समिति को विभिन्न पर्वों के आयोजन के लिए आर्थिक तौर पर दिक्कतों का सामना नहीं करना होगा, बल्कि अब बेहतर स्वरूप में इनके आयोजन से भविष्य में यह महोत्सव नई ऊंचाईओं को छुएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि श्री जुगल किशोर महालोक में पन्ना नगर के सभी मंदिरों को शामिल किया जाएगा। स्थानीय धरम सागर तालाब पर महाराजा छत्रसाल की मूर्ति के शीघ्र अनावरण के साथ ही पन्ना में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमिपूजन भी होगा।

कंठ में बुंदेलखण्ड के लोक स्वरों की परम्परा का संस्कार लिए सुश्री कमला लोधी मंच पर नमूदार हुईं और परम्परागत तरीके से ईश्वर का वंदन करने के पश्चात जब बलदाऊ के भैया की, जय बोलो कृष्ण कन्हैया की...भजन से गायन का शुभारंभ किया तो मंदिर प्रांगण में कृष्ण रस घुल गया। इसके बाद मनमोहन से हारी सखी री, छेड़ै डगर हमारी लाल...,सखि चलो नंद के द्वार, ओ द्वार, लाला के दर्शन कर आवें...,मोर झूल हुलिया ऐन, यशोदा लाला की, विराजे पन्ना में दाऊ बलदेव, चलो जू दर्शन कर लो...आदि भक्ति गीत प्रस्तुत किए।

# भगवान श्रीकृष्ण का जीवन चरित्र हर युग में प्रासंगिक और प्रेरणादायी है: प्रतिमा बागरी

## जन्माष्टमी पर केन्द्रीय जेल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई राज्यमंत्री

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्यातिथ्य में शनिवार को केन्द्रीय जेल सतना में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इसके उपरांत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना तथा आरती की गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमें धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। धर्म की रक्षा और अधर्मियों का नाश करने स्वयं भगवान को श्रीकृष्ण स्वरूप में पृथ्वी पर आना पड़ा। उन्होंने संसार को पाप, अधर्म, अत्याचार से मुक्त कर धर्म की स्थापना की। राज्यमंत्री ने कहा कि नन्हे




कान्हा से योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण बनने के लिए सामान्य मनुष्य की तरह जीवन की अनेक बाधाएं, संघर्ष, दु:ख, कष्ट, अपमान तथा पीड़ाओं को सहन करना पड़ा। भगवान श्रीकृष्ण ने संसार को फल की इच्छा छोड़कर केवल अच्छे कर्म कर स्वयं पर विश्वास करने की शिक्षा दी। संसार को भगवान श्रीकृष्ण से मित्रता की जो शिक्षा मिली, वह अनुकरणीय है। उनका आदर्श जीवन हर युग में प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जेल में जो लोग बंद हैं, वे हमारे ही परिवार के सदस्य हैं, समाज का हिस्सा हैं। वह किसी खराब संगति, घटना-दुर्घटना या कानून का उल्लंघन करने की वजह से जेल में बंद हैं। जेल में बंद, कैदी रिहा होने के बाद समाज में आम नागरिक जैसा अपना जीवन जीते हैं, वैसे ही अपना जीवन यापन करें। उन्होंने कहा कि कैदियों को जेल में सुधरने के लिए बंद किया जाता है। वह सजा पूरी करने के बाद समाज में साथ आकर सम्मिलित हो सकें, ऐसा ना लगे कि वह समाज से कट गए हैं। इसके लिए सरकार द्वारा काम किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार, वरिष्ठ समाजसेवी मणिकांत माहेश्वरी, विंध्य चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, जेल अधीक्षक लीना कोष्टा, अनीता योगेश ताम्रकार, प्रदीप अवस्थी, पवन मालिक, संजय अग्रवाल लोहा उपस्थित रहे।

## शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम की पंद्रहवीं प्रस्तुति 1 सितंबर को

**मैहर।** मैहर माँ शारदा की पावन नगरी एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुए नवोदित कलाकारों को मंच देने का कार्य, जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वावधान में 1 जुलाई 2024 से प्रारंभ किया गया था। इसी श्रृंखला की पंद्रहवीं प्रस्तुति मैहर म्यूजिक के अंतर्गत 1 सितंबर 2025 सोमवार को शासकीय संगीत महाविद्यालय परिसर मैहर में सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक संपन्न होगी। इस अवसर पर शास्त्रीय गायन, वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही अटाला आर्ट के अंतर्गत घर की अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी शासकीय संगीत महाविद्यालय परिसर में लगाई जाएगी। इच्छुक कलाकार अपने आवेदन एवं बायोडाटा 25 अगस्त 2025 तक संगीत महाविद्यालय मैहर में प्रभारी अनिल कुमार जायसवाल, सहायक व्याख्याता मो. 7987274350 के पास जमा कर सकते हैं।

## नगर पालिका परिषद में धूमधाम से मनाया आजादी का जश्न



**मैहर।** पूरे मैहर जिले में आजादी की 79वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इसी तरह नगरपालिका परिषद मैहर में प्रात: 8 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई तत्पश्चात नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी ने ध्वजारोहण किया उनके साथ सीएमओ श्रीमती सुषमा मिश्रा एवं नपा उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल नितिन ताम्रकार भी उपस्थित रहीं। राष्ट्रगान पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अन्य उपस्थित गणमान्य लोगों में सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष नितिन ताम्रकार, पूर्व नपाध्यक्ष आर के सिंह, वरिष्ठ पार्षद अशोक चौबे,श्रीमती ललिता सूर्य प्रकाश चौरसिया, जीतेंद्र पांडे,पवन दुबे,रवि सराफ, एवं समस्त पार्षद गण एवं पूर्व पार्षद प्रभात द्विवेदी नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारी, एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

## जिला प्रशासन ने किया जगतदेव तालाब के कांच मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व जिले में धूमधाम से आयोजित किया गया। जिला प्रशासन सतना द्वारा सीईओ जिला पंचायत संजना जैन की उपस्थिति में जगतदेव तालाब परिसर के कांच मंदिर में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भक्तिभावना से ओत-प्रोत माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला पंचायत, नगर पालिक निगम, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया।

सीईओ जिला पंचायत संजना जैन सर्वप्रथम मंदिर में विराजमान भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी की भव्य झांकी का दर्शन एवं पूजन-अर्चन किया। तदुपरांत भजन मंडली के बीच बैठकर भजन का श्रवण किया। इस मौके पर उप संचालक सामाजिक न्याय राजीव सिंह, सहायक संचालक महिला बाल विकास श्यामकिशोर द्विवेदी, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एससी राय, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एसपी तिवारी, कलाकार केके शुक्ला सहित खेल विभाग, सामाजिक न्याय और महाविद्यालय का स्टाफ तथा बडी में छात्र-छात्रायें एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## मैहर के संदीपनी उ.मा.वि. में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व

**मैहर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मैहर जिले के सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन वृतान्तों पर आधारित झांकी सजाई गई। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा प्रसंगों का मंचन कर मित्रता के महत्व को दिखाया एवं समझाया गया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर संपूर्ण जीवन-काल में आने वाली समस्त विपत्तियों का मानव शक्ति, सोच से सामना किए जाने की लीलाओं का वर्णन कर अलौकिकता से परे मानवीय स्वरूप के गुणों को अपने जीवन में अपनाएं जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

# मैहर व्यापारी कल्याण संघ ने शान से फहराया तिरंगा

**मैहर।** मैहर जिले के व्यापारियों की संस्था मैहर व्यापारी कल्याण संघ द्वारा आजादी की 79वीं वर्षगांठ के मौके पर चंडी देवी मंदिर परिसर में शान से तिरंगा झंडा फहराकर आजादी का पर्व मनाया कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी भारत माता एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष नितिन ताम्रकार ने जैसे ही तिरंगा फहराया उपस्थित व्यापारियों ने भारत माता की जयकारा लगाया। राष्ट्रगान पश्चात संस्था के सभी पदाधिकारियों एवं सम्मानित सदस्यों एवं सम्मानित व्यापारी भाईयो ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाईयां दी।



आज के कार्यक्रम में शामिल वरिष्ठ जनों में व्यापारी कल्याण संघ के संरक्षक द्वय सतविंदर सिंह सरना एवं रमेश पंसारी,अध्यक्ष नितिन ताम्रकार, उपाध्यक्ष द्वय जवाहरलाल संताणी एवं मनोज अग्रवाल, सचिव रामचंद्र सोनी,कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सहसचिव द्वय ईश्वर हीरानी एवं दुर्गा गुप्ता पार्षद पवन दुबे, वरिष्ठ व्यापारी बछकाराम गंगवानी, राजूलाल अग्रवाल, साधुराम गंगवानी, अशोक गुप्ता, लखनलाल साहू, धर्मपाल माधवानी, कैलाश लालवानी, सुशील खेटपाल, गोपाल अग्रवाल, विजय आहूजा, संजय गोयल, सुरेश लालवानी सोनू, संजू गुप्ता, विक्रम गुप्ता, अरविंद गुप्ता, वेद गुप्ता, लकीपंसारी, राशिद खान, सर्वेश अग्रवाल, अर्पित गुप्ता, अमर तेजवानी, गिरधारी लाल आरतानी,मोनू सोनी, रामलाल,वंश गंगवानी, किशोर गोकलानी सहित व्यापारी गण मौजूद रहे है। आभार रामचंद्र सोनी द्वारा व्यक्त किया गया।

